संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 10 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 157 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group





केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री चंडीगढ़-पंचकूला में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## हरियाणा में जेजेपी के तल्ख तेवर...गठबंधन सरकार का संकट

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हरियाणा बीजेपी** और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) में खटपट बढ़ गई है। दोनों पार्टियों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधन सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सरकार को चुनाव से एक साल पहले कोई खतरा न हो, इसके लिए हरियाणा बीजेपी प्रभारी बिपल्ब देब ने दिल्ली में 4 निर्दलीय विधायकों से मीटिंग की। देब से मुलाकात करने वाले निर्दलीय विधायकों में धर्मपाल गोंदर, राकेश दौलताबाद, रणधीर सिंह और सोमवीर सांगवान शामिल हैं। मीटिंग के बाद बिप्लब देब ने कहा-" मीटिंग में निर्दलीय विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। हरियाणा को समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

सीएम मनोहर लाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा-" हरियाणा में बीजेपी की सरकार है, जजपा की नहीं। जजपा तो बस एक सहयोगी पार्टी है"। इसके



### खटपट बढ़ी

- **मीटिंग में निर्दलीय विधायकों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। हरियाणा को समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया**

जवाब में जजपा प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह कहने लगे-" प्रदेश में हमारी सरकार नहीं, सिर्फ सहयोगी हैं, दुष्यंत चौटाला को मजबूत करें।" इसके बाद बीजेपी के हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब जींद जिले के कार्यक्रम में गए थे। वहां देब ने कहा कि यहां की उचाना सीट से भाजपा की प्रेमलता अगली विधायक होंगी। मौजूदा समय में यहां से डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जजपा से विधायक हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने इसके जवाब में कहा-" किसी के पेट में दर्द है, दर्द की दवाई तो मैं दे नहीं सकता। न तो मेरे पेट में दर्द है और न ही मैं डॉक्टर हूं। मेरा काम अपनी पार्टी को मजबूत करना है। मैं उचाना से ही चुनाव लड़ूंगा।

## 'टेक-इकोसिस्टम को बढ़ाने में एआई की क्षमता बहुत बड़ी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ बैठक की और कहा कि विशेष रूप से युवाओं के बीच भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र (टेक-इकोसिस्टम) को बढ़ाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की क्षमता बहुत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कल ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मुलाकात की। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अंतर्दृष्टिपूर्ण बातचीत के लिए सैम ऑल्टमैन को धन्यवाद। भारत के टेक-इकोसिस्टम का विस्तार करने में एआई की क्षमता, विशेष रूप से युवाओं के बीच, वास्तव में अपार है। हम उन सभी सहयोगों का स्वागत करते हैं, जो हमारे नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए हमारे डिजिटल बदलाव को गति दे सकते हैं।

## आप विधायक माणूके पर कोठी कब्जाने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**

**लुधियाना** के जगराओं विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक सरबजीत कौर माणूके पर एनआरआई महिला ने कोठी पर कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। कनाडा की महिला अमरजीत कौर ने एमएलए माणूके के खिलाफ एसएसपी, मंत्री कुलदीप धालीवाल और विधानसभा स्पीकर कुलतार संधवा को शिकायत भेजी है। अमरजीत ने कहा- वह कई सालों से पंजाब नहीं आई है। इस बात का फायदा उठाकर एमएलए माणूके उनके हीरा बाग स्थित गली नंबर 7 में घर पर अवैध रूप से कब्जा कर रही है। मामले का पता चलने पर उसने एमएलए माणूके से बात की तो उसे धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती, मुझे किसी का कोई डर नहीं है। सरकार हमारी है और पुलिस हमारी है।

## मानसून शनिवार तक कर्नाटक-तमिलनाडु में दस्तक देगा



**नई दिल्ली:** केरल के बाद मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह शनिवार तक कर्नाटक और तमिलनाडु पहुंच जाएगा। दूसरी ओर, साउथ तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसूनी बारिश शुरू हो गई। मानसून अगले दो दिनों में पूरे तमिलनाडु और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों को कवर कर लेगा। मानसून 10 जून तक दक्षिण से बढ़ते हुए महाराष्ट्र पहुंचेगा। फिर पूर्वोत्तर के राज्यों को कवर कर पश्चिम बंगाल से बिहार की तरफ बढ़ेगा। 15 जून तक मानसून की वजह से गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पूरे बिहार में बारिश शुरू हो जाएगी। दूसरी ओर, देश के पूर्वी हिस्सों में अगले 3-4 दिन तक गर्मी बढ़ेगी। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लू की स्थिति बनी रहेगी।

## 'मनुस्मृति पढ़ो, पहले लड़कियां 17 साल में बच्चे को जन्म देती थीं'



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**

**गुजरात** हाईकोर्ट ने एक नाबालिग रेप पीड़ित को एबॉर्शन की परमीशन देने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा, लड़कियों के लिए कम उम्र में शादी करना और 17 साल की उम्र से पहले बच्चे को जन्म देना सामान्य बात थी। इसका जिक्र मनुस्मृति में भी है। जस्टिस समीर दवे ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यदि लड़की और भ्रूण दोनों स्वस्थ हैं तो वह एबॉर्शन कराने वाली याचिका की अनुमति नहीं दे सकते हैं। रेप विक्टिम 16 साल 11 महीने की है और उसके गर्भ में सात महीने का बच्चा है। लड़की के पिता ने एबॉर्शन की परमीशन के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था, क्योंकि 24 सप्ताह की प्रेग्नेंसी के बाद एबॉर्शन सिर्फ कोर्ट की परमीशन के बाद ही किया जा सकता है।

# चीन में एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगे पहलवान


**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोले देश के शीर्ष पहलवान पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं। अब खिलाड़ी फिर से मैट पर लौटने का मन बना रहे हैं। 3 माह बाद होने वाली एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए पहलवानों ने अपनी इच्छा जताई है। इधर, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सभी राष्ट्रीय महासंघों का लक्ष्य एशिया ओलिंपिक परिषद द्वारा निर्धारित 15 जुलाई की समय सीमा से पहले एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देना है। गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो में होने वाले हैं।

**इस माह के आखिर तक चयन परीक्षण का आयोजन**

भारतीय ओलिंपिक संघ ने 27 अप्रैल को बताया था कि तीन सदस्यीय एडहॉक समिति कुश्ती महासंघ के दिन-प्रतिदिन के मामलों को देख रही है। जून के अंतिम सप्ताह में चयन परीक्षणों का आयोजन करेगा। हालांकि पहलवान ट्रायल्स के लिए तैयार होने के लिए कुछ और समय चाहते हैं। साक्षी मलिक के पति और अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सत्यव्रत कादियान ने कहा हम चयन ट्रायल में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन इसकी तैयारी के लिए हमें कम से कम डेढ़ महीने की ट्रेनिंग की जरूरत है। कॉम्पिटिटिव मोड में वापस आना पहलवानों के लिए एक कठिन काम होगा, क्योंकि कुछ पहलवानों ने पिछले साल सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं खेली है, जबकि कुछ अन्य ने आखिरी बार अगस्त, 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान मैट पर वापसी की थी। पहलवानों ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से नाम वापस ले लिया था, जबकि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी विरोध के कारण अप्रैल में अपने अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से हटने का फैसला किया था।

**खेल मंत्री ने कहा था पहलवान दोबारा मैट पर लौटें:** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दोहराया कि एक महिला की अध्यक्षता वाली आंतरिक शिकायत समिति के गठन सहित पहलवानों की मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने कल भी कहा था, हमारी प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ बहुत सकारात्मक बैठक हुई थी। वे जो भी मुद्दे उठाते हैं, हमने उन पर चर्चा की। हमने कहा है कि 15 जून तक चार्जशीट दाखिल की जाएगी और हत्रक्क के चुनाव 30 जून तक होंगे।



### मेडल की तैयारी

- **15 जुलाई की समय सीमा से पहले एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देना है**

### बृजभूषण के ऑफिस पहुंची दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**महिला** पहलवानों की लड़ाई में एक नया मोड़ आ गया है। चीफ बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीड़न मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस शुक्रवार को डब्ल्यूएफआई के ऑफिस पहुंची। पुलिस के साथ महिला पहलवान संगीता फोगाट भी थीं। 15 जून तक पुलिस को अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंपनी है। वहीं नाबालिग के पिता ने कहा था कि सिंह पर लगे आरोप झूठे हैं।

**बृजभूषण के घर नहीं पहुंची दिल्ली पुलिस:** दिल्ली पुलिस महिला पहलवान संगीता फोगाट को शुक्रवार सुबह कार्यालय ले गई थी। यंहा दिल्ली पुलिस ने करीब आधे घंटे जांच की। उसके बाद वापस आ गई। दिल्ली पुलिस के नई दिल्ली जिले के डीसीपी प्रणब साहिल ने महिला पहलवान को बृजभूषण के घर ले जाने की बात से इंकार किया।



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है। भारत की पहली पारी में अजिंक्य रहाणे (89 रन) और शार्दूल ठाकुर (51) ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर भारत को फॉलोऑन से बचाया। दोनों के बीच 7वें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई।

## ईडी ने मलाइका स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव की 60.4 करोड़ संपत्ति जब्त की

**एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मलाइका मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एमएमसीसीएस) की 60.4 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)-2002 एक्ट के तहत यह कार्रवाई की है। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि एमएमसीसीएस में जमाकर्ताओं के पैसे के अन्यत्र इस्तेमाल से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि पीएमएलए 2002 एक्ट के तहत गिल्बर्ट बैपटिस्ट, उनके परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और उनके नियंत्रण वाली इकाइयों से संबंधित महाराष्ट्र और कर्नाटक में फ्लैट, दुकानों और जमीनों सहित 60.44 करोड़ रुपये की 52 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है।

## 'पीएम मोदी ने विदेशों में पिछली सरकारों का मजाक उड़ाया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा था कि विदेश दौरों पर भारत के खिलाफ बोलना राहुल गांधी की आदत बन चुकी है। जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति को देश से बाहर ले जाना देश के हित में नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जयशंकर के इस बयान का जवाब दिया है। जयराम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा- जिस शख्स ने राष्ट्रीय राजनीति को देश से बाहर ले जाने की प्रथा शुरू की, वह कोई और नहीं, बल्कि वह व्यक्ति है, जिसने आपको (जयशंकर) मंत्री पद दिया। आप इसे जानते हैं, लेकिन आप इसे स्वीकार नहीं कर सकते



डॉक्टर मिनिस्टर।

**सुरजेवाला बोले- पीएम ने पिछली सरकारों का मजाक उड़ाया:** जयराम रमेश के बाद कांग्रेस के एक और महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी जयशंकर पर हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा- प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों का मजाक उड़ाया है और देश के 70 साल से अधिक पुराने इतिहास पर प्रकाश डाला है।

## 'वैली ब्रिज मनाली की भार क्षमता 20 टन से बढ़कर होगी 30 टन'



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

वैली ब्रिज मनाली जल्द ही फिर से वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार हो जाएगा। मनाली में बढ़ते टूरिस्ट फ्लो को देखते हुए विभाग द्वारा जल्द ही इसे रिपेयर कर वाहनों के लिए खोल दिया जायेगा। वैली ब्रिज की रिपेयर का काम आज शुरू हो गया है। गत पाँच से छे महीनों से ये पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था । मनाली की जनता के अनुरोध व मनाली में बढ़ते वाहनों के फ्लो को देखते हुए स्थानीय विधायक के प्रयासों से दोबारा पुल को अपग्रेड, स्ट्रेंथन और रिपेयर किया जा रहा है। जिसमें अपग्रेड लोडिंग के लिए सिंगल स्टोरी से डबल स्टोरी किया जा रहा है और साथ में पुल पर बिछी डक प्लेटों को भी बदला जा रहा है।

## थम नहीं रहा बवाल: मणिपुर में फिर हिंसा, 3 की मौत

### भाजपा विधायक के घर आईडी ब्लास्ट, इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से चली आ रही हिंसा थम नहीं रही है। शुक्रवार को राजधानी इंफाल से लगे कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग वारदात में तीन लोगों की मौत हो गई। इधर, सुप्रीम कोर्ट की वैकेशनल बेंच ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि मामला पहले से हाईकोर्ट में है। इस पर सुनवाई होने दें। याचिका एडवोकेट चोंगथम



विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मायेंगबाम जेम्स ने दायर की थी। इधर, गुरुवार देर रात दो लोगों ने इंफाल में भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर बम से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो लोग बाइक से आए और उन्होंने खुले गेट के अंदर आईडी बम फेंक दिया। जिसके बाद तेज धमाका हुआ। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**विधायक ने कहा- बम के बिना मुद्दे को सुलझाएं:** विधायक सोराईसाम केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं।

### आगजनी, हिंसा

- **सुप्रीम कोर्ट की वैकेशनल बेंच ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया**

## ओडिशा रेल हादसा: स्कूल में जहां शव रखे थे, वो हिस्सा गिराया

**टीम एक्शन इंडिया/बालासोर**

**ओडिशा** ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों के शवों को स्कूल के जिस भवन में रखा गया था, उसे अब गिराया जा रहा है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि बच्चे और टीचर्स यहां आने से डर रहे थे, इसलिए बिल्डिंग को गिराकर फिर बनाने का निर्णय लिया गया है। स्कूल खुलने से पहले इसका शुद्धीकरण भी कराया जाएगा। बालासोर में 2 जून को हुए ट्रेन हादसे में 288 लोगों की मौत हुई थी। शवों को घटनास्थल से 500 मीटर दूर बहानगा हाईस्कूल में रखा गया था।

**जांच जारी** मां बोली- बेटी के दोस्त ने फोन पर धमकाया; पिता ने कहा- खुद को हिंदू बताकर दोस्ती की

# बेसबॉल प्लेयर के सुसाइड में धर्मांतरण का एंगल आया

**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**

**बेसबॉल** नेशनल प्लेयर संजना बरकड़े पर उसका दोस्त अब्दुल मंसूरी उर्फ राजन खान धर्मांतरण का दबाव डाल रहा था। संजना के सुसाइड से पहले राजन ने उसकी मां को अननोन नंबर से कॉल कर धमकाया था। संजना की मां गीताबाई बरकड़े ने बताया कि बेटी के सुसाइड से 9 दिन पहले आरोपी ने फोन कर-के कहा था- बच्ची को समझा दो, मेरी बात मान ले। पिता हरनाम बरकड़े का आरोप है कि अब्दुल मंसूरी ने बेटी से अपना धर्म छिपाकर दोस्ती की थी। तीन महीने पहले जब बेटी को सच पता चला तो उसने दोस्ती तोड़ दी थी। माता-पिता के इन आरोपों पर पुलिस का कहना है कि संजना और राजन के बीच एक साल से बातचीत चल रही थी। दोनों के बीच क्या विवाद हुआ, क्या परिस्थिति बनी? इसकी जांच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। संजना का शव 5 जून की सुबह कमरे में पंखे से बनाए फंदे पर मिला था। माता-पिता शादी में हर्रई (सिवनी) गए हुए थे। लौटे तो बेटी फंदे से लटकी मिली। जबलपुर शहर में किराए के मकान में रहता है। संजना की मां गीता बाई बताती हैं, आरोपी ने बेटी को कॉल किया और कहा - अच्छा, मां से बात करवाओ मेरी...। बेटी ने मुझे फोन दे दिया। आरोपी ने पूछा- कौन, तुम लड़की की मां हो। अच्छा हुआ कि तुमसे बात हो गई। तुमसे से ही बात करना चाहता था। तुम बच्ची को समझा दो। हमारा धर्म कबूल करे।



## मुंबई मर्डर का आरोपी बोला- महिला ने आत्महत्या की

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मुंबई के** मीरा रोड इलाके में लिव इन पार्टनर की हत्या मामले में नई बात सामने आई है। आरोपी मनोज साने ने पुलिस को बताया कि पार्टनर सरस्वती वैद्य ने सुसाइड किया था। ऐसे में वह पकड़ा न जाए, इस डर से उसने शव के टुकड़े कर दिए और कुकर में उबालकर उन्हें कुत्तों को खिला दिया। मृतका सरस्वती अनाथ थी। उसने अहमद नगर के जानकीबाई आप्टे बालिका आश्रम से दसवीं तक पढ़ाई की थी। इस आश्रम की कर्मचारी अनु साल्वे ने बताया कि सरस्वती आरोपी को मामा कहती थी। बताती थी कि मामा बहुत पैसे वाला है और उसकी कपड़े की मिल है।

## कर्नाटक: सिलेबस से हेडगेवार की जीवनी हटेगी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**कर्नाटक में** स्कूलों के सिलेबस से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (संघ) के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार से जुड़े चैप्टर जल्द जटाए जाएंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार ने इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि सिलेबस के अलावा संघ और भाजपा से जुड़े संगठनों को दिए गए जमीनों की भी हम जांच करवाएंगे। राव ने शुक्रवार को कहा कि हमारे पास ऐसे लोगों की कहानियां होनी चाहिए जिन्होंने वास्तव में राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा- भाजपा ने अपने वैचारिक मुद्दों को स्कूलों के सिलेबस में डालने की कोशिश की है, जो सही नहीं है। इसलिए हमारी सरकार इसमें सुधार करेगी। इधर, कांग्रेस के मंत्रियों के बयान पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि स्कूली सिलेबस से हेडगेवार का चैप्टर हटाना राज्य के युवाओं के साथ अन्याय होगा। वहीं महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, वह कुछ भी कर सकती है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा कि इसी साल से स्कूली किताबों का सिलेबस बदला जाएगा। बदलाव बच्चों बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में ही इसका जिक्र किया था।



### सुधार करेगी सरकार

- **सिलेबस के अलावा संघ और भाजपा से जुड़े संगठनों को दिए गए जमीनों की भी हम जांच करवाएंगे: स्वास्थ्य मंत्री**

# मेयर ने विरोधियों को दिया झटका, विकास योजनाओं पर सर्वसम्मति से लगी मोहर

## विरोधियों ने सदन की मीटिंग का बॉयकाट कर दिया, इसके बावजूद मेयर की अध्यक्षता में मीटिंग का कोरम पूरा होने के कारण सदन में रखे सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गए

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**मेयर शक्ति** रानी शर्मा ने सदन में एक बार फिर सियासी सूझबूझ से विरोधियों को करारा झटका दिया है। इस झटके से विरोधी चारों खाने चित हो गए। मजे की बात है कि विरोधियों ने सदन की मीटिंग का बॉयकाट कर दिया। इसके बावजूद मेयर की अध्यक्षता में मीटिंग का कोरम पूरा होने के कारण सदन में रखे सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गए। सदन में हुए इस घटनाक्रम से मेयर ने विरोधियों को ये दिखा दिया कि कोई उन्हें कमजोर समझने का प्रयास न करे।

**विकास में रोडा अटका रहे भाजपा पार्षद:** दरअसल वीरवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में नगर निगम के सदन की मीटिंग तय थी। मेयर शक्ति रानी शर्मा हरियाणा जनचेतना पार्टी के पार्षदों क साथ समय पर मीटिंग में पहुंच गई थी। मीटिंग का एजेंडा शहरी विकास को लेकर था। सभी 20 वार्डों में 20 करोड़ की विकास योजनाओं पर चर्चा होनी थी। मगर मीटिंग शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने सदन की कार्रवाई को लेकर बेवजह के सवाल उठाने शुरू कर दिए। भाजपा पार्षदों की मंशा साफ थी कि सदन की कार्रवाई न चलने दी जाए। इसी वजह से कांग्रेसी पार्षद मिथुन वर्मा भी भाजपा पार्षदों के साथ विरोध में खड़े हो गए। हंगामे के बाद सभी भाजपा पार्षदों के साथ कांग्रेसी पार्षद मिथुन वर्मा भी सदन से बाहर आ गए। भाजपा व एक कांग्रेस पार्षदों के विरोध पर हजपा के पार्षदों ने आरोप लगाया कि ये लोग शहर के विकास में रोडा अटका रहे हैं। शहरी विकास की बजाय ये लोग अपनी सियासी रोटियां सेंक रहे हैं।

**बेअसर रहा हंगामा, सभी प्रस्ताव पारित :** सदन के बाहर भाजपा पार्षदों का हंगामा पूरी तरह से बेअसर रहा। दरअसल कोरम पूरा होने के कारण सदन में रखे गए सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गए। कांग्रेसी पार्षद मेघा ईशु गोयल ने भाजपा पार्षदों के मीटिंग का बॉयकाट करने के फैसले को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए शहरी विकास पर अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें वार्डों के विकास के लिए चुनकर सदन में भेजा है। मीटिंग के बॉयकाट करने से वार्डों का विकास होने वाला नहीं है।

**ये प्रस्तावित हुए पारित:** सदन की मीटिंग में सहमति से कई अहम प्रस्ताव पारित हो गए। इस दौरान नगर निगम में खाली पड़े कर्मचारियों के 720 पदों को भरने के लिए सहमति बन गई। ज्यादातर पार्षदों ने कहा कि इन पदों को भरे जाने के बाद ही शहरी विकास में तेजी आएगी।



इसके अलावा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारी बढ़ाए जाने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हो गए। सभी 20 वार्डों में विकास पर एक- एक करोड़ रुपए खर्च करने पर सहमति बन गई है। अफसरों ने सभी पार्षदों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके अलावा हर वार्ड में 25-25 लाख रुपए के विकास योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है।

**दुकानदारों को मिलेगा मालिकाना हक :** सदन की मीटिंग में नगर निगम की दुकानों के किराएदारों को राहत देने का काम किया गया है। दरअसल सालों से निगम की दुकानों के किरायेदारों को अब मालिकाना हक देने पर सदन में सहमति बन गई है। ज्यादातर पार्षदों ने कहा कि किराये व एरियर की वजह से दुकानदार बेहद परेशान हैं। ऐसे में अगर सरकार इन दुकानदारों को उनकी दुकानों का मालिक बना दिया जाए तो इससे नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो गई है। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने ये प्रस्ताव मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजने के आदेश दिए हैं।

## रेहड़ी फड़ी संचालकों को मिली राहत

**मीटिंग** में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सबसे बड़ी राहत उन रेहड़ी फड़ी संचालकों को दी है जोकि पिछले काफी दिनों से धक्के खा रहे थे। अंबाला शहर बस स्टैंड के बाहर रेहड़ी फड़ी के जरिए अपने परिवार पालने वाले इन संचालकों को निगम ने यहां से हटा दिया था। इसी वजह से ये लोग बेरोजगार हो गए। सदन में मेयर ने पार्षदों की ओर से आए प्रस्ताव पर सहमति जता दी है। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि जब तक इनके लिए स्थायी जगह का चयन नहीं होता तब तक उन्हें सड़क किनारे से थोड़ा पीछे हटकर रेहड़ी फड़ी लगाने की इजाजत दी जाए। मीटिंग में मौजूद एएसपी पूजा डाबला को भी इन लोगों को पुलिस की ओर से परेशान न करने की बात कही गई। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि जल्द ही इन लोगों के लिए स्ट्रीट वेंडर जोन स्थापित किया जाएगा ताकि वहां इन्हें स्थायी तौर पर रेहड़ी फड़ी लगाकर परिवार का पेट पालने में किसी तरह की दिक्कत न आए।

मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि सदन की मीटिंग में शहरी विकास से जुड़ी कई योजनाओं पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि मुझे अंबाला शहर की जनता ने शहरी विकास के लिए मेयर बनाया है। मुझे उन लोगों के विरोध से कोई फर्क नहीं पड़ता जो साजिशन सदन की मीटिंग का बहिष्कार कर रहे हैं। ये लोग विकास में रोडा अटकाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा जनचेतना पार्टी (वी) के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा द्वारा पीछे दिनों पार्षदों मीटिंग में शहर के विकास के लिए जिन भी मुद्दों पर चर्चा की गई थी, सभी मुद्दे एकमत से पास हुए हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला से विधायक रहते हुए विनोद शर्मा ने केवल अंबाला शहर के विकास के लिए काम किया और युवाओं को रोजगार देने का काम किया था। उन्ही की सोच थी कि नगर निगम में काम करने वाले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए हाउस में एजेंडा पास करके सरकार को भेजा जा रहा है, ताकि वह परिवार भी अच्छे से अपना जीवन यापन कर सके।

# छावनी के आनंद नगर में बाबा बालक नाथ मंदिर में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला छावनी के आनन्द नगर ए,नजदीक बाबा बालक नाथ मंदिर में कृष्ण कुमार के मकान में अचानक आग लग गई। जिसका गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को पता लगते ही तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड भिजवाई गई । मकान में लगभग सारा सामान जल गया ।सारी घटना पर गृह मंत्री ने जानकारी ली और अपने भाई वा समाजसेवी कपिल विज को घटनास्थल पर नुकसान का जायजा लेने के लिए नियुक्त किया। समाजसेवी कपिल विज ने सारी घटना का मुआयना अपनी टीम के साथ किया। गृह मंत्री अनिल विज द्वारा अपने निजी कोष से मौके पर ही परिवार को 25000 रुपए देने की घोषणा की गई एवं और सरकार से हरसंभव



मदद देने का आश्वाशन दिया गया। मौके पर उपस्थित स्थानीय निवासियों ने कपिल विज का आभार जताया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसबीर जस्सी, सदर मंडल उपप्रधान सुरिंदर तिवारी,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महामंत्री रामबाबू नरेंद्र राणा विनीत खन्ना,सनी आनंद,गुरविंदर बाथ,शक्ति प्रमुख अमरनाथ,भारत कोछड़,वार्ड प्रधान विकास चौहान , डिम्पल राणा ,भोला विज, जे के शर्मा एवं मोहित कौशिक, एस सी प्रकोष्ठ राम चंद्र,सरोज पाल राणा बबीता जेना अशोक कुमार अनुज यादव ,सुखविंदर सिंह एवम कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समर कैम्प में बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
**जिला** पुलिस द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति तथा यातायात नियमों की पालना करने के लिए विधार्थियो को जागरुक किया जा रहा है । दिनांक 09 जून 2023 को जिला यातायात पुलिस ने जिला बाल भवन में बच्चों को यातायात नियमों व साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया ।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत यातायात समन्वक उप निरीक्षक रोशन लाल ने बच्चों को यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरुक किया। बच्चों को संबोधित करते हुए रोशन लाल ने बताया कि देश में प्रति वर्ष करीब ढेड लाख लोगो की असमय मौत होती जिसमें सबसे ज्यादा शिकार देश की युवा पीढी हो रही है । छोटे बच्चे यदि बचपन से ही यातायात नियमों को अपने व्यवहार में शामिल करें तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरो का जीवन सुरक्षित रखें।

उन्होने कहा कि जिस प्रकार सही रास्ते पर चलते हुए तरक्की की जा सकती है उसी प्रकार यातायात नियमों की पालना करते हुए मनुष्य खुद भी सुरक्षित रह सकता है और दूसरो को भी सुरक्षित रहने का मौका देता है ।कैडेट्स को संबोधित करते हुए यातायात समन्वक ने कहा कि साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। कभी आपको लालच दिया जाता है तो कभी आपको ब्लैकमेल किया जाता है।

# प्रशासन के खिलाफ जमकर बरसी आंगनवाड़ी वर्कर्स

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मांगो के चलते आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने डीसी आफिस में धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशा वर्कर्स यूनियन ने जिला प्रशासन के माध्यम से ब्ड मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा। आशा वर्कर्स का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही हैं। जिला प्रधान और राज्य महासचिव अनुपमा ने कहा कि वे कई बार सरकार को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। यही नहीं, जिन मांगों को लेकर समझौता हुआ था सरकार ने वे मांगे भी लागू नहीं की। सरकार आशा वर्कर्स को मोबाइल और सिम कार्ड उपलब्ध कराए। अनुपमा ने कहा कि सरकार ने पिछले साल जिले में



कई आंगनबाड़ी केंद्रों को प्लेवे बनाया था। इस सत्र में शिक्षा विभाग ने बाल वाटिका शुरू कर दिया। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को स्कूल में ले गए। आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले-वे और बाल वाटिका दोनों में 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चे लेने हैं। उनकी मांग है कि सरकार स्पष्ट करे कि कौन से बच्चे कहां जाएंगे। 2021 में मुख्यमंत्री से यूनियन की बैठक हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि हर साल सितंबर में महंगाई भत्ता देंगे। 2021 में महंगाई भत्ता दे दिया, मगर 2022 का भत्ता नहीं दिया। गैस सिलेंडर का 15 साल पुराना 350 रुपए रेट दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी वर्करों को पदोन्नति के बाद सुपरवाइजर बनाया जाना था, डेढ़ साल से सरकार ने यह वादा पूरा नहीं किया।

# कांग्रेस के दो द्विसीय सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभाग पंचायती राज संगठन की ओर से आयोजित दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर सेक्टर 9 की अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर में पंचायती राज एवं नगरीय निकायों से जुड़े हुए 50 वर्तमान अथवा पूर्व प्रधान, जिला प्रमुख, जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच व पार्षदों ने हिस्सा लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा के निदेशार्नुसार आयोजित प्रशिक्षण शिविर की अगुवाई पंचायती राज संगठन की जिलाध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 9 से पार्षद मेघा ईशु गोयल ने की। इस शिविर में मुख्यअतिथि की भूमिका प्रदेश पंचायत राज संगठन के अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने निभाई जबकि यमुनानगर से विस चुनाव लड़ चुकी एवं पार्षद निर्मल चौहान जी भी शिविर में विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रही। शिविर के पहले दिन मुख्यअतिथि सुनील पंवार ने यहां मौजूद पार्टी



प्रतिनिधियों को बताया कि देश में दो विचारधाराओं का संघर्ष कोई नया नहीं है। बल्कि यह संघर्ष आजादी की लड़ाई के दौरान भी इसी प्रकार था। यह संघर्ष भारत माता के मायने से समझा जा सकता है क्योंकि कांग्रेस के विचार से भारत माता इस देश के लोगों से मिलकर बनती है। कांग्रेस के लिए स्वतंत्रता सेनानियों तथा महापुरुषों के नैतिक मूल्य भारत माता की आदर्श होते हैं।
वहीं बीजेपी के लिए भारत माता एक संपत्ति है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किरण बाला जैन, नेता कुलदीप सिंह गुल्लू, तरुण चुघ, हरजीत सिंह बब्बल, तरसेम गुप्ता, नंद किशोर, किरण राणा, पूर्व पार्षद देवराज, गुलशन कुमार, श्रयांश जैन, सोनिया, मीरा बजाज, रजत अग्रवाल, कृष्णा गोयल, रविंद्र प्रजापत, खुशवीर वालिया, पंचायती राज संगठन के ग्रामीण अध्यक्ष सुरजीत पंजोखरा नरेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार व देवेंद्र समेत कई नेता मौजूद रहे।

# नगरपालिका सचिव के विरोध में कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नगरपालिका सचिव के विरोध में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियो ने विरोध में नगरपालिका कार्यलय पर रोष प्रदर्शन किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ के नेता मांगे साहिब व सतीश कुमार ने कहा कि 29 मई को चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने यूनियन प्रतिनिधिमंडल को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करवाने का आश्वासन दिया था। मौका पर सचिव के उपलब्ध न होने के कारण चेयरपर्सन ने भरोसा दिया था कि अधिकारी के आने पर एग्रीमेन्ट की कापी व यूनियन के साथ मीटिंग की डेट दे दी जाएगी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सचिव व अकाउंटेंट चेयरपर्सन के आदेशो को लागू करने में आनाकानी कर रहे है। वेतन मिलना तो दूर की बात नियम शर्तो की कापी तक नही दी गई है। अधिकारियों की तानाशाही के विरोध में लंच टाईम में लगातार प्रदर्शन जारी रहेगा।
नगरपालिका कर्मचारी संघ के नेता विजय कुमार व धर्मवीर ने कहा कि अकाउंटेंट कर्मचारियों के हर काम मे रोड़ा अटकाने के साथ ही चेयरपर्सन को गुमराह करते है।
यूनियन ने उनके इस प्रकार के कारनामो की एक लिस्ट बना ली है जिसको जल्द उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान सतनाम सिंह व सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि कर्मचारियो को यूनियन बनाने तथा शासन व प्रशासन को अपना मांग पत्र देने का सवैधानिक अधिकार है। पालिका सेकेट्री व अकाउंटेंट का फर्ज बनता है कि वह यूनियन की बात को सुन समस्याओं का समाधान करे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने गांवों में सुनी लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव भुन्नी, सोंटा आदि में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनसे सीधा संवाद कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक असीम गोयल ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता का स्वागत किया और जनसंवाद कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक भारती ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर गांव की सरपंच अनिता देवी ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता तथा विधायक असीम गोयल व प्रशासनिक अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांव में जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित होने से गांव की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान जल्द हो पाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने गांव भुन्नी में खेल सामान की सुविधाओं के लिये दो लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने गांव में पेयजल की समस्या के समाधान के लिये जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को एस्टीमेट बनाकर भेजने के निर्देश दिये और कहा कि एस्टिमेट चाहे 20 लाख का बने वह उसके लिये अपने फंड से धन राशि उपलब्ध करवाएंगे। गांव के मोहित कुमार, सोनू, नवीन पांचाल, अजय कुमार, सतनाम इत्यादि युवाओं ने खेल सामान के लिये दो लाख उपलब्ध करवाने के लिये विधानसभा अध्यक्ष का धन्यवाद किया। गांव वासियों ने भुन्नी व सौंटा गांव के लोगों ने गांव में रोडवेज की बस के टाईम बढ़ाने के लिये विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मौके पर ही जीएम रोडवेज को गांव में बस के चक्कर बढ़ाने के निर्देश दिये। जीएम रोडवेज ने कहा कि इस रूट पर अब दो की बजाए पांच बार बस आएगी।

# मैडिकल वैन ने 54 लोगों की खून जांच की

**टीम एक्शन इण्डिया/लाडवा (दलबीर मलिक)**
स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से लाडवा के वार्ड नंबर 14 में उनके द्वारा चलाई गई मेडिकल वैन से वार्ड के 54 लोगों के खून की जांच की गई। वार्ड पार्षद ललितेश शर्मा ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हलके की जनता के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जिनके



जितनी भी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा शुक्रवार को लाडवा के वार्ड नंबर 14 में मेडिकल वैन भेजी गई। जो टेस्ट लैबोटरी में 400 से लेकर 1000 रुपए तक होता है। वही टेस्ट उनकी वैन में मात्र 50 रुपए में लोगों का किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य से लाडवा हलके की जनता को खूब लाभ मिल रहा है और उनके पैसों की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनकी ओर से एक एंबुलेंस भी लाडवा हलके की जनता के लिए चलाई जा रही है। जो मात्र 500 रुपए में लाडवा से चंडीगढ़ तक मरीज को लेकर जाती है।

# प्रोटोकॉल योगा का जमकर किया अभ्यास

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला प्रशासन और आयुष विभाग के तत्वाधान में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने प्रोटोकॉल योग का अभ्यास किया। इस प्रोटोकॉल योगा में सैकड़ों खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व आम नागरिकों ने ग्रीवा चालन और अलोम-विलोम के साथ-साथ कपालभाति सहित अन्य आसनों का अभ्यास किया। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति से कुलवंत व महिला विंग की प्रभारी डा. निरुपमा भट्टी ने शुक्रवार को जिला प्रशासन और आयुष विभाग के तत्वाधान में द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित प्रोटोकॉल योगा शिविर का शुभारंभ किया।

# भीष्म जिले ने लगाया मोटापा रोग निवारण शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की केंद्रीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार हरियाणा प्रांत इकाई के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे मोटापा व अन्य रोग निवारण शिविरों की श्रृंखला में आज कुरुक्षेत्र के भीष्म योग जिला द्वारा देवीलाल पार्क सेक्टर 2 में निशुल्क 'योग द्वारा मोटापा रोग निवारण शिविर' का आयोजन किया गया । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, जिला संरक्षक हरिराम जोशी, जिला प्रधान सीमा सांगवान, जिला मंत्री हरि कृष्ण भारद्वाज व अन्य जिला अधिकारियों द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया । सूक्ष्म क्रियाओं के पश्चात ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र




उच्चारण के साथ शविर के पहले दिन का शुभारंभ हुआ । अधिकारियों द्वारा उपस्थित साधकों को संस्थान द्वारा तय मोटापा और वजन घटाने वाले योगासनों के साथ-साथ शवासन, हंसी क्रिया, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया गया । जिला व जोन अधिकारियों, कार्यकताओं, योग शिक्षकों सहित लगभग 45 साधक साधिकाओं ने इस शिविर में भाग लिया । उल्लेखनीय है कि इस समय संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार सारे भारतवर्ष में योग द्वारा मोटापा व अन्य रोग निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। हरियाणा प्रांत में भी यह शिविर सभी योग जिलो द्वारा वृहद स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। उधर कृष्ण योग जिला द्वारा खेड़ा पार्क, लक्ष्मण कॉलोनी में साधक साधिकाओं को शुद्धि क्रियाएं करवाई गई । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के पूर्व संगठन मंत्री एवं हरियाणा योग आयोग के वर्तमान सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित साधक साधिकाओं को रबड़ नेति, सूत्र नेति, जलनेति व नेत्र प्रक्षालन क्रियाओं का अभ्यास करवाया । प्रांतीय मंत्री मान सिंह द्वारा साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कॉमन प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया गया । योगाभ्यास के पश्चात मान सिंह की पुत्रवधू रीना रानी का जन्मदिन संस्थान की तय विधि अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण से मनाया गया । इस अवसर पर जिला मंत्री हेम सिंह राणा, ब्रह्मसरोवर जिला प्रधान कमला देवी सहित कई अन्य जिला व जोन अधिकारी उपस्थित थे।

# जल क्रांति की ओर बढ़े हरियाणा के कदम

## मुख्यमंत्री ने द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) का किया शुभारंभ, कार्य योजना का उद्देश्य अगले 2 सालों में पानी की मांग और आपूर्ति के अंतर को लगभग 49 प्रतिशत तक पूरा करना

**योजना का लक्ष्य पानी की बचत करके दो वर्षों की अवधि में पानी की मांग और आपूर्ति के अंतर को 49.7 प्रतिशत तक पूरा करना है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरित क्रांति, श्वेत क्रांति व नीली क्रांति का अग्रदूत रहा हरियाणा अब जल संकट से निपटने और भावी पीढ़ियों को विरासत में जल प्रदान करने के लिए जल क्रांति की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस दिशा में अपने भागीरथी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य की द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है, जब इतने बड़े स्तर पर जल संसाधन के लिए कार्य योजना का अनावरण किया गया है। इस कार्य योजना में पानी की कमी और जलभराव की दोहरी चुनौती से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा बनाई गई ब्लॉक स्तरीय कार्य योजनाएं शामिल हैं। एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना का लक्ष्य पानी की बचत करके दो वर्षों की अवधि में पानी की मांग और आपूर्ति के अंतर को 49.7 प्रतिशत तक पूरा करना है। पहले वर्ष में कुल 22 प्रतिशत पानी और दूसरे वर्ष में 27.7 प्रतिशत पानी बचाना है। यह कदम पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य में कुल पानी की उपलब्धता 20,93,598 करोड़ लीटर है, जबकि पानी की कुल मांग 34,96,276 करोड़ लीटर है, जिससे पानी का अंतर 14 लाख करोड़ लीटर है। इस कार्य योजना से अगले दो वर्षों में पानी की बचत करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में 26 और 27 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय जल सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें प्रशासनिक सचिवों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया था। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल स्तर के मद्देनजर एक एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन रणनीति और दृष्टिकोण पर चर्चा करना था।

### कृषि विभाग सहित अन्य विभागों ने पानी की बचत के लिए बनाई कार्य योजनाः सीएम


**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पानी की अधिकतम मात्रा का उपयोग कृषि और बागवानी क्षेत्र में किया जाता है, जो क्रमशः 86 प्रतिशत और 5 प्रतिशत है। जल संरक्षण तरीकों को अपनाकर पानी की खपत को कम करने के लिए लगातार प्रयासों की आवश्यकता है। कृषि विभाग ने कार्य योजना में विभिन्न उपायों को शामिल किया है। इसके अनुसार, फसल विविधीकरण के तहत 3.14 लाख एकड़ क्षेत्र को कवर किया जाएगा, जिससे 1.05 लाख करोड़ लीटर (7.6 प्रतिशत) पानी की बचत होगी। 4.75 लाख एकड़ में धान की सीधी बिजाई करने से 0.51 लाख करोड़ लीटर (3.7 प्रतिशत) संरक्षण जुताई के तहत 27.53 लाख एकड़ के माध्यम से 1.18 लाख करोड़ लीटर (8.4 प्रतिशत) पानी की बचत होगी। 3.49 लाख एकड़ में उच्च किस्मों के प्रयोग से 0.47 लाख करोड़ लीटर (3.4 प्रतिशत), 9.73 लाख एकड़ में हरी खाद के उपयोग से 0.35 लाख करोड़ लीटर (2.5 प्रतिशत) पानी, प्राकृतिक खेती के तहत 0.43 लाख एकड़ को कवर करके 0.27 लाख करोड़ लीटर (1.9 प्रतिशत) पानी की बचत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### धरती मां को बचाना है, प्राकृतिक संसाधनों का शोषण नहीं करो'

**प्राकृतिक** संसाधनों के उपयुक्त उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बेटियों ने हमें आवाज दी कि हमें गर्भ में मत मारो तो हमने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया और समाज के सहयोग से इसे सफल बनाया। आज धरती माँ हमें पुकार रही है, तो हमारा फर्ज.बनता है कि हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करें, लेकिन किसी भी कीमत पर उनका शोषण न करें। मुख्यमंत्री ने किसानों से भी भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि धरती माँ का शोषण न हो, इसके लिए हम सभी को काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचतत्वों को यदि हम देखें तो उसका मतलब भगवान बनता है। भू यानी भूमि (पृथ्वी), ग यानी गगन, अ यानी अग्नि, वा यानी वायु और न यानी नीर या जल होता है। इसलिए हमें अपने बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों को बचाना होगा। मुख्यमंत्री ने एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना तैयार करने में सभी संबंधित विभागों के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की।

**रिड्यूस, रिसाइकिल और रियूज पर देना होगा ध्यानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम जल प्रबंधन और संरक्षण की ओर बढ़ते हैं तो रिड्यूस, रिसाइकिल और रियूज पर हमें फोकस करना होगा। पानी का पुनः उपयोग करके फ्रेश वॉटर पर निर्भरता को कम किया जा सकता है।

# 'धान सहित खरीफ की अन्य फसलों के एमएसपी को बढ़ाने का फैसला ऐतिहासिक'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
केंद्र सरकार द्वारा खरीफ सीजन की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि करने के फैसले का स्वागत करते हुए हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने धान, कपास और बाजरा सहित अन्य खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को ऐतिहासिक और अब तक की सबसे अधिक बढ़ोतरी करने वाला फैसला बताया है। बबली ने कहा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों के आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी और वे और आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि धान (सामान्य) के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति क्विंटल में 143 रुपये की बढ़ोतरी कर 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि ए-ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2203 रुपये प्रति क्विंटल, मूंग के न्यूनतम समर्थन मूल्य 7755 रुपये प्रति क्विंटल में 803 रुपये की वृद्धि कर 8558 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली के

**बबली ने कहा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों के आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी**

न्यूनतम समर्थन मूल्य 5850 रुपये प्रति क्विंटल में 527 रुपये की वृद्धि कर 6377 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी के न्यूनतम समर्थन मूल्य 6400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6760 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन का एमएसपी 4300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4600 रुपये प्रति क्विंटल, कपास (मीडियम) का एमएसपी 6080 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6620 रुपये प्रति क्विंटल, कपास (लॉन्ग) का एमएसपी 6380 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7020 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा का एमएसपी 2350 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति क्विंटल, रागी का एमएसपी 3578 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 3846 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का का एमएसपी 1962 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2090 रुपये प्रति क्विंटल, अरहर का एमएसपी 6600 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7000 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द का 6600 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6950 रुपये प्रति क्विंटल, तिल के न्यूनतम समर्थन मूल्य 7830 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 8630 रुपये प्रति क्विंटल, ज्वार हाइब्रिड का एमएसपी 2970 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 3180 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

# झज्जर को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की बड़ी सौगात

## 02 करोड़ रुपए की 41 सड़क विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी जेजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/झज्जर**
लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जेजेपी संगठन का काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में प्रदेश के अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में लोकसभा अनुसार जलसे किए जाएंगे और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। वे शुक्रवार को झज्जर दौरे के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले डिप्टी सीएम ने झज्जर जिले को बड़ी सौगात देते हुए 102 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लगभग 41 सड़कों के सुधारीकरण कार्यों का



शिलान्यास किया। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपने राज में प्रदेश की दुर्दशा में कोई कमी नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार में प्राइवेट सेक्टरों में कर्मचारियों पर लाठियां बरसाई गई, टीचरों पर गोलियां चलाई गई। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में गठबंधन सरकार में प्रदेश का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है और हरियाणा समृद्ध बना है। गांव दुजाना में आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर मिशन कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में जल संरक्षण को बढावा देने के लिए यह कार्यक्रम उपयोगी साबित हो रहा है और इसके अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार के साथ ही सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

**हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जेजेपी संगठन का काम शुरू हो चुका है**

उन्होंने 15 अगस्त तक प्रदेशभर में लगभग 1500 तालाबों का जीर्णोद्धार पूरा कर लिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि ग्रामीण आंचल को नई दिशा देने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में सामुदायिक या सामूहिक केंद्र बनाने की योजना है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जो भी ग्राम एक एकड़ से तीन एकड़ जमीन देगी, उसी पंचायत में सामूहिक केंद्र बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुजाना पीएचसी के प्राचीन भवन को पुरातत्व विभाग से संरक्षित करवाया जाएगा

### जींद :...अब नहीं होगी मंडी में फसल रखने की समस्या

जींद। आगामी धान सीजन में किसानों को अपनी फसल बेचने तथा रखने के लिए कोई परेशानी न हो, इसके लिए शुक्रवार को जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने तीन करोड़ सात लाख रुपये की लागत से बनने वाले दोनों शेडो के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सतनारायण जैन, दलबीर सिंह, मदन बत्तरा, एक्सीईएन पीपी नारायण, संजीव जैन, एसडीओ रोशनलाल, जसबीर सैनी, बबलू गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मनोहर सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए कटिबद्ध है।

### पीएम किसान योजना का लाभ के लिए ई-केवाइसी करवाना अनिवार्य

**टीम टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने किसानों से अपील की है कि जो किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं वे 15 जून से पहले-पहले अपना ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। दलाल ने आज यहां इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए ई-केवाइसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पी एम किसान सम्मान निधि स्कीम की 14वीं किस्त तब तक किसानों के खातों में नहीं आएगी जब तक वे अपना ई-केवाइसी नहीं करवाएंगे। उन्होंने कहा कि ई-केवाइसी करवाना बेहद आसान है। किसान गूगल प्ले स्टोर से पीएम किसान की मोबाईल ऐप डाउनलोड करके ई-केवाइसी फेस ओथंटिफिकेशन के माध्यम से अपनी ई-केवाइसी स्वयं कर सकते है। एक मोबाईल से 10 किसानों की ई-केवाइसी की जा सकती है। किसान लिंक पर जाकर अपने आधार से जुड़े मोबाईल पर ओटीपी के माध्यम से ई-केवाइसी कर सकता है।

### शाह की रैली के लिए भाजपा ने बनाए संयोजक व समन्वयक

**चंडीगढ़ः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सिरसा में होने वाली रैली के लिए भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने संयोजक, समन्वयक और व्यवस्था प्रभारी नियुक्त किए हैं। वहीं, संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए धनखड़ ने एडवोकेट नरेंद्र गुर्जर को विधि प्रकोष्ठ में नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने इस बाबत अधिकारिक चिट्ठी जारी कर दी है। सिरसा में केंद्रीय गृहमंत्री की होने वाली रैली के लिए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सांसद सुनीता दुग्गल को रैली संयोजक नियुक्त किया है। वहीं, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर को रैली समन्वयक और पूर्व मंत्री विपुल गोयल को रैली व्यवस्था प्रभारी नियुक्त किया है।

# अन्य बोर्ड के फेल विद्यार्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा** एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अन्य बोर्डों से फेल परीक्षार्थियों के भविष्य के मध्यनजर क्रेडिट ट्रांसफर पोलिसी (सी.टी.पी.) के तहत परीक्षा हेतु सुनहरा अवसर दिया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थी जो अन्य बोर्डों की सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी की परीक्षा में पिछले पांच वर्षों से चार विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हैं, वह अब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सितम्बर-2023 में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए क्रेडिट ट्रांसफर पॉलिसी (सी.टी.पी.) के तहत बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर दिए गए लिंक से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सैकण्डरी सी.टी.पी. के लिए 1100 रुपए एवं सीनियर सैकण्डरी सी.टी.पी. परीक्षा के लिए 1150 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थी बिना विलम्ब शुल्क 10 जून से 18 जून तक तथा 100 रुपए विलम्ब शुल्क सहित 19 जून से 30 जून, 300 रुपए विलम्ब शुल्क सहित 01 जुलाई से 15 जुलाई तथा 1000 रुपए विलम्ब शुल्क सहित 16 जुलाई से 31 जुलाई, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

**सैकण्डरी सी.टी.पी. के लिए 1100 रुपए एवं सीनियर सैकण्डरी सी.टी.पी. परीक्षा के लिए 1150 रुपए शुल्क निर्धारित**

# बरसात में वन विभाग लगाएगा 2.25 करोड़ पौधेः कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने कहा कि इस वर्ष राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत बरसात के दिनों सरकारी वन भूमि, संस्थागत भूमि, पंचायत भूमि, बणी जीर्णोद्धार, शिव धाम तथा निजी भूमि पर कुल 2.25 करोड़ पौधे लगाए जाएगें। वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य क्षतिपूर्ति प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण में पौधागिरी अभियान के तहत राज्य के सभी स्कूलों के कक्षा छठीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों तथा जल शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग को निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाएगें। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने एफ.सी.ए. 1980 के तहत वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों में उपयोग की अनुमति के लिए



लंबित प्रस्तावों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न प्रयोक्ता एजेन्सीज द्वारा कुल 1435 प्रस्ताव भारत सरकार के परिवेश पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं, जिनमें से 387 प्रस्ताव पैट्रोल पम्प्स से सम्बन्धित हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के स्तर पर लम्बित 365 प्रस्तावों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जाए और लम्बित प्रस्तावों के पूर्ण दस्तावेज एवं सूचनाएं अपलोड करवाई जाए। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभागीय स्तर पर लंबित प्रस्तावों का शीघ्रता से निपटान किया जाए तथा एजेन्सी के स्तर पर लम्बित प्रस्तावों का भी शीघ्र निपटान करने बारे आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में वन मंत्री को अवगत करवाया गया कि भारत सरकार स्तर पर बनाए गए

**परिवेश 2.0 पोर्टल के कारण भी प्रस्तावों पर कार्रवाई में विलंब होने के कारण यूजर आईडी को फ्रेंडली बनाए जाने की आवश्यकता**

परिवेश 2.0 पोर्टल के कारण भी प्रस्तावों पर कार्रवाई में विलंब होने के कारण यूजर आईडी को फ्रेंडली बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री, भारत सरकार से आवश्यक पत्राचार किया जाए। उन्होंने कहा कि पानीपत जिले के ग्राम ग्वालड़ा की पंचायत अधिसूचित भूमि भारतीय वन अधिनियम की धारा-38 के तहत सब्जी उगाने की अनुमति देने के लिए उचित माध्यम से प्रदान की जाएगी।
बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक जगदीश चन्द्र सहित वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ
Ultra Modern Facilities Available
अत्याधुनिक सुविधाऐं उपलब्ध
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### बाल संरक्षण को लेकर गाँव बड़सत, प्रेमनगर व बसी अकबरपुर में लोगों को किया जागरूक



करनाल/टीम एक्शन इंडिया
कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण पर रोक को लेकर गाँव बड़सत, प्रेम नगर व बसी-अकबरपुर में जाकर लोगों को जागरूक किया। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने गाँव बड़सत प्राइमरी हेल्थ सेंटर पर जाकर डॉक्टर विनीत से मिलकर इस जागरूकता अभियान के बारे में बताया। डॉ.विनीत ने कहा किहमारी टीम की तरफ से गाँवों के अंदर कैंप लगाए जाते हैं। आप एएनएम व आशा वर्करों के साथ मिलकर इस जागरूकता अभियान को गाँवों के हर व्यक्ति, बच्चों व समुदायों के बीच ले जाएं, ताकि कहीं पर भी बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन शोषण न हो। हम सभी को मिलकर समाज से इन कुरीतियो को समाप्त करना चाहिए। एएनएम अर्चना ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह से बालिकाओं को अक्सर श्रम, दासता, व्यवसायिक यौन शोषण और हिंसा की स्थिति का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह एक अपराध है। इसलिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक गाँव, स्कूल, समुदायों के अंदर चलाए जाने चाहिएं। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने गाँव प्रेम नगर की ग्राम सरपंच रीटा से मिलकर बताया कि रोकथाम में पंचायत क्या कर सकती है। पंचायत अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, वार्ड बैठक, ग्राम सभा आयोजित कर बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दे सकते हैं। ग्राम सरपंच रीटा ने कहा कि संस्था द्वारा जो अभियान चलाया गया, इसके लिए यह बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर बलदेव, अंजलि, सोनिया और प्रिंस पाल आदि मौजूद रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# शहरों की तर्ज पर होगा गांवों का विकास: देवेंद्र बबली

## विकास कार्यों के लिए जल्द होगी 1700 करोड़ की राशि जारी, गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार 9

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा सरकार शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास करवाने के लिए 9 सूत्रीय कार्यक्रम लेकर आ रही है। इसके लिए जल्द ही 1700 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी जाएगी। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पहले भी 1100 करोड़ रुपये की राशि जारी की थी। अधिकारी इस राशि से करवाए जाने वाले विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाएं, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली शुक्रवार को नीलोखेड़ी हलके के गांव गोंदर में सर्व समाज की ओर से आजाद पब्लिक स्कूल में आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि गांव में वह सभी मूलभूत सुविधाएं पूरी करवाई जाएं जो शहरों के नागरिकों को मिलती है। इसके लिए सरकार गांवों में विकास कार्यों को लेकर नई-नई योजनाएं लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार ग्रामीण विकास को लेकर बेहतरीन कार्य कर रही है। गांव की धूल मिट्टी की खुशबू मेरे अंदर है, मैं गांव की हर समस्या को भली भांति जानता हूं। पंचायत मंत्री होने के नाते मेरा दायित्व बनता है कि जिन समस्याओं का सामना हमने किया है, वह आने वाली पीढ़ी को न करना पड़े। इन समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार प्रदेश में 9 सूत्रीय कार्यक्रम जल्द ही लागू करने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रही है, किसी भी आदमी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने कहा था कि दिल्ली से



जो पैसा चलता है, उसमें से 10 प्रतिशत ही विकास कार्यों पर खर्च हो पाता है और 90 प्रतिशत लोगों की जेब में चला जाता है। उन्होंने कहा कि जब से मैंने पंचायत मंत्रालय का दायित्व संभाला है, तब से लेकर व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। विकास का जो पैसा लोगों की जेब में जाता था, उसे रोका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। जो पैसा विकास कार्यों के लिए भेजा जाएगा, उसको लगाने का दायित्व पंचायती राज के प्रतिनिधियों का है। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता पंचायती राज के विकास कार्यों पर निगरानी रखें। मंत्री ने कहा कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश का नेतृत्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मिला है तब से समूचे देश व प्रदेश में एक समान विकास कार्य हो रहे हैं। हमारे देश के संत नेता 36 बिरादरी के काम करने की सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति सत्ता सुख भोगने का नहीं, अपितु जनमास की सेवा करने का माध्यम है। पंचायती राज के जन प्रतिनिधि भी अपने-अपने गांव के विकास के लिए नए-नए आईडिया लेकर आएं, पैसा सरकार उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने गोंदर गांव का जिक्र करते हुए कहा कि 5 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश पूरे हो चुके हैं और शेष प्रगति पर हैं।

**मंत्री देवेन्द्र बबली ने ने ये की घोषणाएं:** पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने सर्व समाज अभिनंदन समारोह के दौरान आजाद पब्लिक स्कूल गोंदर में ई लाइब्रेरी बनवाने की घोषणा की। इसके अलावा गांव में एक बड़ा सामुदायिक केन्द्र बनवाने का भी वायदा किया। बेशर्ते ग्राम पंचायत को 3 एकड़ जमीन उपलब्ध करवानी होगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नर्सिंग कॉलेज की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा सरपंचों द्वारा गांवों के विकास के लिए जो मांग पत्र दिए हैं, उनमें से 4 से 5 बड़े-बड़े कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा।

**मनरेगा में 100 से 150 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाने का लक्ष्य करें निर्धारित:** पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने जिला परिषद के सीईओ को निर्देश दिए कि वे मनरेगा योजना के तहत जिला में 100 से 150 करोड़ रुपये तक के विकास कार्य करवाने का लक्ष्य निर्धारित करें। गांवों में साफ-सफाई को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए तथा कूड़ा-कर्कट के सुचित निपटान के लिए शैड बनवाना सुनिश्चित करें।

## टी.बी. स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलवीर मलिक के मार्गदर्शन में शुक्रवार को एक टी.बी. स्वास्थ्य जांच/ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन जिला रेड क्रॉस भवन में किया गया। कैंप में राजपाल, सहायक जिला रेडक्रॉस ने बताया कि डॉ सिम्मी कपूर, उप सिविल सर्जन करनाल के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य जांच टीम ने शिविर में आए 120 लोगों की स्क्रीनिंग की व 21 सस्पेक्टेड लोगों के मौके पर आई मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की मोबाइल वैन के माध्यम से एक्स-रे किए गए व 5 व्यक्तियों के सैंपल लैब में भेजे गए और एक व्यक्ति



टी.बी. स्क्रीनिंग के दौरान पॉजिटिव पाया गया और उनका तुरंत इलाज शुरू किया गया। सिविल हॉस्पिटल से आई जांच टीम में में रेखा लाउट, एसटीएस, दीपिका, टी.बी. एचवी, सुनील कुमार, टी.बी. एचवी, ममता काउंसलर व संदीप कुमार, कॉर्डिनेटर मेदांता अस्पताल गुरुग्राम और जिला रेडक्रॉस करनाल व टीआई प्रोजेक्ट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 1 जुलाई 2023 से स्मार्ट कार्ड में जारी होंगे आर्म लाईसेंस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गृह विभाग** हरियाणा के विशेष सचिव महाबीर कौशिक ने शुक्रवार को प्रदेश के करनाल, हिसार, अम्बाला व रोहतक जिलों के उपायुक्त/प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ एक विडिया कॉफ्रेंसिंग के दौरान जानकारी दी कि जनता की सुविधा के लिए पहले सरकार की ओर से आर्म लाईसेंस आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाईन की गई थी। अब 1 जुलाई 2023 से आर्म लाईसेंस स्मार्ट कार्ड के रूप में जारी होंगे।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम से इसका ट्रायल शुरू हो गया है और इसके बाद उपरोक्त जिले इस काम को करेंगे। उन्होंने



निर्देश दिए कि इन जिलो में आर्म लाईसेंस आवेदकों का जितना भी डाटा है वह एक्सेल शीट में ले लिया जाए। स्मार्ट कार्ड के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर वाला प्रिंटर भी लिया जाना है।

उपायुक्त करनाल अनीश यादव ने विडियो कॉफ्रेंस में विशेष सचिव को बताया कि करनाल जिला में आर्म लाईसेंस आवेदकों का डाटा एक्सेल शीट में लिया गया है। सरकार की स्पेशिफिकेशन के हिसाब से प्रिंटर खरीदने की व्यवस्था भी की जाएगी।

आर्म लाईसेंस आवेदन की यह है प्रक्रिया- बता दें कि ऑनलाईन आर्म लाईसेंस आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए सबसे पहले आवेदक को सरल केन्द्र में जाकर फाईल लेनी होगी, जो नए लाईसेंस, नवीनीकरण और ट्रांसफर इत्यादि के लिए अलग-अलग हैं। फाईल पूरी करने के बाद वह ऑनलाईन उपायुक्त कार्यालय के पी.एल.सी. (पासपोर्ट लाईसेंस क्लर्क) के पास जाएगी। वहां से पी.एल.ए. यानि पासपोर्ट लाईसेंस सहायक के पास, वहां से उपायुक्त कार्यालय के सहायक अधीक्षक के पास, वहां से नगराधीश के पास, वहां से उपायुक्त के पास, उपायुक्त से पुलिस अधीक्षक के पास, पुलिस अधीक्षक से सम्बंधित एस.एच.ओ. के पास, एस.एच.ओ. से डी.एस.पी. के पास, डी.एस.पी. से पुनः एस.पी. के पास, एस.पी. से पी.एल.ए. के पास, पी.एल.ए. से उपायुक्त कार्यालय के सहायक अधीक्षक के पास, सहायक अधीक्षक से सी.टी.एम. के पास, सी.टी.एम. से उपायुक्त के पास अप्रूवल या रिजेक्शन जारी होगा।

## वास्तव में हमारा मन वन का प्रतीक है: साध्वी प्रवीणा भारती जी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**दिव्य** ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रामलीला ग्राउंड कुंजपुरा में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्यआयोजन किया गया है, जिसके द्वितीय दिवस के अंतर्गत श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रवीणा भारती जी ने सीता स्वयंवर प्रसंग को प्रस्तुत किया। प्रभु श्री राम जी ऋषि विश्वामित्र जी के संग वन प्रांत में जाकर आसुरी शक्तियों का समापन करते हैं। साध्वी जी ने बताया कि वास्तव में हमारा मन वन का प्रतीक है।



ताडका और सुबाहु मारीच इत्यादि असुर हमारे मन में उठने वाले लोभ, मोह, अहंकार का प्रतीक हैं। जिस प्रकार से वन प्रांत में प्रभु श्रीराम के प्रकट होने पर आसुरी शक्तियों का अंत हुआ। अंधकार व अज्ञानता समाप्त हुए और शांति के साम्राज्य की स्थापना हुई, ठीक वैसे ही हमारे अंतर्गत में जब तब श्रीराम का प्राकट्य होगा।

## तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की तैयारियों के तहत जिला एवं खण्ड स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी सरपंच/पंच, अन्य निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट एवं इच्छुक जनसाधारण को 9 से 11 जून तक चलनेवाले तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आरंभ आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में किया गया।

## टीबी के मरीजों को दी गई पोषण सहायता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल** सर्जन, डॉ. रेनू चावला के द्वारा शुक्रवार को टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायतो के अंतर्गत टी.बी. मरीजों को एडॉप्ट किया गया तथा टी.बी. के मरीजों को प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किये गए। इस समय करनाल जिले में 2280 टी.बी. के मरीजों का ईलाज चल रहा है जिनको भी एडॉप्ट करके प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किये जाने है, जिसके लिए समाज सेवी संस्थाओं से अपील है कि वह इस मुहीम में अपना योगदान दें ताकि टी.बी. मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग करनाल से सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला, उप-सिविल सर्जन (टी.बी.) डॉ. सिम्मी कपूर, उप-सिविल सर्जन डॉ. शीनू चौधरी, उप-सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र संधू, उप-सिविल सर्जन डॉ. नरेश, लेखा अधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह, फार्मासिस्ट सतीश, आयुष्मान अधिकारी हितेश, स्नेह डीपीपीएम, प्रीति डीईओ, रजनी लेखा सहायक तथा रामपाल एमपीएचडब्लू द्वारा 12 मरीजो को स्वेच्छा से एडॉप्ट कर अभियान में भागीदारी दी। इसके अतिरिक्त टी.बी. विभाग द्वारा जिला रैडक्रास सोसाइटी में मेंदांता वैन की सहायता से स्क्रीनिंग कैम्प लगाया गया, जिसमें 120 हाई रिस्क मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें मेंदांता वैन में स्थापित एक्स रे मशीन पर 21 संदिग्ध टी.बी. मरीजों के एक्सरे किये गए तथा सीबीएनएएटी के सैम्पल एकत्रित किये गए। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा हाई रिस्क एरिया में कैम्प लगाए जाएंगे ताकि सभी टी.बी. मरीजों को जल्द से जल्द चिन्हित करके ईलाज मुहैया करवाया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने टी.बी. की बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में विश्व के सबसे अधिक टी.बी. के मरीज है।

सिविल सर्जन द्वारा आम जन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति में टी.बी. के लक्षण पाए जाते है तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच व ईलाज करवाएं।

## सूर्य नमस्कार से शरीर को मिलते हैं काफी फायदे: दिनेश


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में एक विशेष आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों योग साधकों ने पहुंचकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी डॉ अमित पुंज ने विशेष रूप से बताया कि 9 अप्रैल 2023 से शुरू किए गए इस अभियान को 4 जून को पूरा कर लिया गया है और लगभग 2100 साधक प्रतिदिन सूर्य



नमस्कार कर रहे हैं। इस अभियान में और तेजी लाते हुए लगभग 10000 साधकों को इस मुहिम से जोड़े का कार्य किया जाएगा। मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने बताया कि सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के पश्चात अब इसे बढ़ाकर ढाई लाख सूर्य नमस्कार का अभियान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक पूर्ण किया जाएगा, जिसमें मिशन के सभी सदस्य पूर्ण सहयोग करते हुए प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में मिशन से सभी शिक्षक, सहयोग शिक्षक और साधकों ने मौजूद रहकर संयुक्त रूप से सूर्य नमस्कार का मंत्र उच्चारण और आसनों के साथ विधिपूर्वक अभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार के शरीर को काफी फायदे मिलते हैं। रोजाना इसका अभ्यास करने पर बेहतहा उर्जा प्राप्त की जा सकती है। भारत की योग गुरुओं ने सूर्य नमस्कार की खोज करके मानव जाति पर उपकार किया है क्योंकि यह अकेला योगासन अनगिनत फायदे प्रदान करता है।

## निगम की ओर से 10 व 11 जून को सभी वार्डों में लगेंगे विशेष शिविर: अभिषेक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिकों की** सुविधा के लिए प्रॉपर्टी टैक्स में दर्ज डाटा की त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम ने एक अच्छी पहल की है। इसके लिए 10 व 11 जून यानि शनिवार व रविवार के दिन शहर के सभी वार्डों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं और इस काम को करने वाले कर्मचारियों की ड्यूटियां भी लगा दी गई हैं। शिविर प्रातः 9 बजे दोपहर 2 बजे तक रहेंगे। खास बात यह है कि शिविरों में आने वाले ऑब्जेक्शन मौके पर और नगर निगम में ठीक किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि वार्ड 1 में वसंत विहार की गली नम्बर 3 स्थित निगम पार्षद के कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड नम्बर 2 का शिविर बूढाखेड़ा के गुरुद्वारा में, वार्ड 3 का शिविर राजीव पुरम गली नम्बर 2 के गुरु रविदास मंदिर में, वार्ड 4 का शिविर दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में, वार्ड 5 का शिविर सेक्टर 4-5 के सामुदायिक केन्द्र में, वार्ड 6 का शिविर दहा गांव की बंजारा चौपाल में, वार्ड 7 का शिविर अशोक नगर मेरठ रोड गली नम्बर 4 निगम पार्षद के कार्यालय में, वार्ड 8 का शिविर सेक्टर-6 के सामुदायिक केन्द्र, वार्ड 9 का शिविर सेक्टर-7 के सामुदायिक केन्द्र, वार्ड 10 का शिविर सेक्टर-13 के सामुदायिक



केन्द्र, वार्ड 11 का शिविर मॉडल टाऊन के गुरुद्वारा में, वार्ड 12 का शिविर कुंजपुरा रोड के सनातन धर्म मंदिर में, वार्ड 13 का शिविर सदर बाजार के चित्रगुप्त मंदिर में, वार्ड 14 का शिविर हांसी रोड की गली नम्बर 6 के गुरुद्वारा में, वार्ड 15 का शिविर जुंडला गेट स्थित निगम पार्षद के निवास पर, वार्ड 16 का शिविर बांसो गेट निगम पार्षद के पुराने घर में, वार्ड 17 का शिविर शिव कॉलोनी गली नम्बर 9 निगम पार्षद कार्यालय में, वार्ड 18 का शिविर निगम पार्षद के आवास पर, वार्ड 19 का शिविर राम नगर स्थित निगम पार्षद के कार्यालय में तथा वार्ड 20 का शिविर उचाना गांव के पंचायत घर में लगेगा। त्रुटियां दुरूस्त करवाने के लिए शिविर में लेकर आएं यह दस्तावेज- निगमायुक्त ने बताया कि जो नागरिक अपने प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में त्रुटियों को दुरूस्त करवाना चाहते हैं, वह इन शिविरों में आकर ऑब्जेक्शन डलवाएं। त्रुटि दूर करवाने व संशोधन के लिए अलग-अलग दस्तावेज लाने होंगे।

उन्होंने बताया कि गैर मौत मामले में, प्रॉपर्टी मालिक का नाम बदलवाने के लिए मालिकाना प्रमाण में सेल डीड/कंवेंस डीड/ट्रांसफर डीड/रिलिक्विश डीड/रिलीज डीड/जमाबंदी /फर्द/अलॉटमेंट लेटर/रीअलॉटमेंट लेटर (किसी भी सरकारी या अर्ध सरकारी विभाग से जारी), इनमें से कोई एक दस्तावेज देना होगा तथा पहचान प्रमाण पत्रों में आधार कार्ड/पैन कार्ड/परिवार पहचान पत्र/पासपोर्ट/ड्राईविंग लाईसेंस/वोटर आई.डी. में से कोई एक दस्तावेज दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त लिगल हायर केस यानि कानूनी उत्तराधिकारी/वारसान के केस में तहसीलदार की कोर्ट से जारी लिगल हायर सर्टिफिकेट देना होगा।

मौत के मामले में, प्रॉपर्टी मालिक का नाम बदलवाने के लिए मालिकाना प्रमाण में सेल डीड/कंवेंस डीड/ट्रांसफर डीड/रिलिक्विश डीड/रिलीज डीड/जमाबंदी/फर्द/अलॉटमेंट लेटर/ रीअलॉटमेंट लेटर (किसी भी सरकारी या अर्ध सरकारी विभाग से जारी), इनमें से कोई एक दस्तावेज देना होगा। सम्पत्ति मालिक की कोर्ट डिक्री के संदर्भ में एक हल्फनामा या घोषणा, यानि किसी भी अदालत में कोई मामला लंबित नहीं है।

## संपादकीय

# एमएसपी अच्छा कदम, फिर क्यों सितम

**केंद्र** सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केंद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। बावजूद इसके किसान संगठन नाखुश रहते हैं। इनकी नाखुशी का बड़ा कारण यह होता है मंडी में खरीद ठीक ढंग से नहीं होती। होना यह चाहिए सरकारी खरीद पर कोई ना नुकर नहीं कर पाए। इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाए तो एमएसपी का अन्नदाता को पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। दरअसल यक्ष प्रश्न यह है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आंरभ हो जाती है व कभी बंद हो जाती है। सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की ओर ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलनों के दौरान महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी को लेकर है। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

# देश के लिए हानिकारक है रेवड़ी कल्चर

–तारकेश्वर मिश्र

"इससे पहले साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त की घोषणाओं और वादों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया था। इस संबंध में सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु केस काफी चर्चित रहा। साल 2006 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव जीतने के बाद डीएमके ने मुफ्त में कलर टीवी बांटने का वादा किया था। डीएमके सरकार के इसी फैसले को याचिकाकर्ता ने चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा"

**देश** में इन दिनों रेवड़ी कल्चर काफी चर्चा में है। यानी मुफ्त में दी जाने वाली योजनाओं का चलन। जैसे फ्री बिजली, फ्री पानी या चुनाव के दौरान लैपटॉप, कैश या दूसरी चीजों को दिए जाने की घोषणा। आजकल चुनावों से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त में आटा, बिजली, पेंशन, बेकारी भत्ता, प्लॉट या मकान, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा आदि तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं। कांग्रेस ने अभी-अभी कर्नाटक विधानसभा चुनाव इसी तरीके से जीता है। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त रेवड़ी कल्चर पर एतराज किया है। चुनाव आयोग को इसे आचार संहिता का उल्लंघन घोषित कर देना चाहिए। सवाल यह पैदा होता है कि इन मुफ्त की सुविधाओं के लिए पैसा कहां से आएगा। या तो सरकारों को उधार लेना पड़ेगा या फिर नए कर लगाने पड़ेंगे। सवाल उठता है कि राजनेताओं को सत्ता तक पहुंचाने के लिए हम ज्यादा टैक्स क्यों दें। यह तो एक प्रकार से राजनीतिक भ्रष्टाचार है। किसी भी चुनाव में सत्ता पाने के लिए जनता को प्रलोभन और मुफ्त की रेवड़ियां बांटना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। यह तो स्वस्थ व्यक्ति को मुफ्त का लालच देकर उसे बीमार बनाने के समान है। यह सब समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। कुछ भी मुफ्त देकर वोट पाना सीधे तौर पर सौदेबाजी और रिश्वत की श्रेणी में आता है। सवाल पैदा होता है कि मुफ्त की सुविधाओं के लिए पैसा कहां से आएगा। या तो सरकारों को उधार लेना पड़ेगा या फिर नये कर लगाने पड़ेंगे। पहले से ही करोड़ों के कर्ज में दबी सरकारें मुफ्त की घोषणाएं करें तो यह हास्यास्पद है। देश की जनता को इस तरह की रेवड़ियों का बहिष्कार करना चाहिए। यही राष्ट्र हित में है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की बजाय राज्य सरकारों को युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने चाहिए। दरअसल, मुफ्त की घोषणाओं को कार्यान्वित करने से देनदारियां इतनी बढ़ जायेंगी कि भविष्य में अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ सकती है। जिससे विकास की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने में वित्त की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में बाधा आयेगी। देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ेगी। सरकार को अतिरिक्त आय के संसाधन जुटाने पड़ेंगे। राजस्व निरन्तर



बढ़ाने के लिए सरकार को अतिरिक्त संसाधनों का प्रबंध करना पड़ेगा। राजनीतिक पार्टियां सत्ता प्राप्ति के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटकर मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही हैं जो देश के लिए घातक है। जनता को सुविधाओं में कुछ रियायतें तो सही है मगर बिलकुल मुफ्त तो पतनकारी ही है। असल में इसकी शुरूआत आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में की थी, जो इसी कारण आज पंजाब में भी सत्ता में है और वह अब आगे बढ़ कर राष्ट्रीय पार्टी भी बन चुकी है। सरकार को इन मुफ्त की रेवड़ियों के बदले जनता को सही काम के साथ सही दाम ही देना उचित है। इसके लिए तेजी से बढ़ते हुए निजीकरण को त्याग राष्ट्रीयकरण की ओर बढ़ना होगा तभी कुछ सुधार संभव है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आये दिन चुनावों के दौरान खैरात बांटने जैसी हो रही घोषणाएं व्यक्ति को आलसी जीवन की ओर धकेल रही हैं। मुफ्त की रेवड़ी बांटने की टूटती सीमाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने राजनीति से इस संस्कृति समाप्त करने के साथ इसे देश और जनता के लिए घातक बताया। दिल्ली सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को फ्री में देना रेवड़ी बांटना नहीं मानती, जो कुछ सीमा तक सही है, किंतु जो भी रेवड़ी मुफ्त में बंट रही है, उन्हें एकदम बंद या समाप्त करना आसान नहीं है। मुफ्त के बजाय रियायती मूल्यों पर सुविधा दी जाये या क्रमशः इनमें कटौती की जाये तो अधिक उत्तम होगा। बिना किसी शक ये कहा जा सकता है कि रेवड़ी कल्चर देश के भविष्य के लिए खतरनाक है। मुफ्त वाली योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट का रुख भी सख्त है। मुफ्त के सामान बांटने की राजनीतिक दलों की प्रवृत्ति अंततः देश के राजकोष को पलीता ही लगाती है। मुफ्त की योजनाओं के कारण ईमानदारी के साथ अपना टैक्स अदा करने वाले समुदाय के साथ अन्याय होता है। इसके साथ ही साथ सरकारें मुफ्त की स्कीम चला कर लोगों को पंगु भी बना रही हैं। फ्री की योजनाओं के कारण लोग काम करना नहीं चाहते हैं। चंद वोटों की लालच में लोगों को कर्महीन बनाना कहां तक जायज कहा जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जुलाई 2022 को इस शब्द का इस्तेमाल किया था। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा था कि कुछ पार्टियां देश में रेवड़ी कल्चर को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। पीएम ने कहा कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर की सोच को हराना है, ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। बीजेपी नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी 2022 को एक जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त की घोषणाओं और वादों पर रोक लगाने की मांग की गई थी। साथ ही अतार्किक मुफ्त वादे करने वाले राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने या उनके चुनाव चिह्नों को सीज करने की मांग की गई।

इससे पहले साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त की घोषणाओं और वादों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया था। इस संबंध में सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु केस काफी चर्चित रहा। साल 2006 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव जीतने के बाद डीएमके ने मुफ्त में कलर टीवी बांटने का वादा किया था। डीएमके सरकार के इसी फैसले को याचिकाकर्ता ने चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। वर्तमान में अश्विनी उपाध्याय ने पुनः इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। इसके बाद देश में एक बहस छिड़ गई कि मुफ्त योजनाओं का दायरा क्या हो. कौन-सी योजनाएं या चुनावी घोषणाएं इसमें शामिल हो सकती हैं या नहीं हो सकती हैं। मुफ्त रेवडियां बांट कर या बांटने का प्रलोभन दे कर भारत में राजनीतिक दल सत्ता साधने की प्रतिस्पर्धा में हैं। पूंजीवादोन्मुख मिश्रित अर्थव्यवस्था में यह प्रवृत्ति राष्ट्र, समाज तथा नागरिकों के दीर्घकालीन हित में कतई नहीं है। इससे उद्यमिता की अपेक्षा काहिली को प्रोत्साहन मिलता है। सरकार को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष करों के रूप में अधिक संसाधन जुटाने पड़ते हैं। फलस्वरूप करदाताओं पर कर का अधिक बोझ पड़ता है। इसका सबसे बड़ा खतरा है जनता में काम न करने की प्रवृत्ति का पनपना तथा देश-प्रदेश में विकास एवं योजनाओं के लिए धन जुटाने की समस्या। जिसके लिए एक ही रास्ता है कर्ज लेकर काम चलाना, जिसका असर हम अपने देश के कई राज्यों तथा विश्व के कई देशों की गिरती अर्थव्यवस्था से देख चुके हैं। मुफ्त रेवडियों के स्थान पर शिक्षा, कौशल विकास व प्रशिक्षण प्रकल्पों में निवेश कर नागरिकों को रोजगार हेतु सक्षम बनाना बेहतर होगा। रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने होंगे।
सार्वजनिक क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने हेतु रेवडियों स्वरूप वितरित की जाने वाली राशि से पूंजी का निवेश किया जा सकता है। इसलिए इस प्रथा को देश हित में सभी राजनीतिक दलों तथा जनता को मिलकर बन्द करना होगा।

## कविता

### "प्यारे पक्षी "

पक्षी सारे शोर मचाते,
दुख को सारे दूर भगाते।

हाथ में दाना देखे तो ,
अपनों को वो पास बुलाते ।

रही थकावट तन में अपने,
मन हृदय में लगा सुलाते ।

चुन चुन लाए रोज निवाले,
मन की ममता रोज जगाते।

मन आतुर हो प्रेम अथाह,
कुहुक प्यार से गले लगाते ।

सौंधी सी खुशियां देकर,
मनमोहक खुशबू फैलाते।

इस डाली से उस डाली,
सारी दुनिया को महकाते।

रार नहीं द्वेष नहीं ,
प्यार मोहब्बत वो बतलाते ।

हर पक्षी से प्रेम भाव है ,
अपनापन हमको सिखलाते ।

**विकास सनोडिया**

# पाक में एटमी हथियार के बदले रोटी का सौदा

**संजीव**

**स्वतंत्रता** के बाद पाकिस्तान अब ऐतिहासिक,अभूतपूर्व वित्तीय कंगाली के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नवाज शरीफ हर तरफ से सत्ता में आने के बाद निराशा के गर्त में डूब चुके हैं' पूरी दुनिया के देशों से घूम घूम कर कर्ज मांगने के बाद भी उन्हें फूटी कौड़ी नहीं मिल पाई है पाकिस्तानी जनता रोजी रोटी बिजली पानी के संकट से गुजर रही है और देश में हाहाकार मचा हुआ है। आम जनता विद्रोह पर उतर आई है। पाकिस्तान अपनी गलत नीतियों के कारण दुनिया में अकेला पड़ गया है। आवाम के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया और इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, सऊदी अरेबिया, तुर्की, ईरान ,इराक तथा उसके सबसे बड़ा हिमायती देश चीन ने भी पाकिस्तान को किसी भी तरह के कर्ज देने से इनकार कर दिया है' पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बड़े विचित्र किंतु सत्य की स्थिति में आ चुके हैं वहां स्थिति अराजक हो गई है ।पाकिस्तान के अंदरूनी हालात प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नियंत्रण से बाहर होकर अब सेना के जनरल असीम मुनीर के हाथों में आ गई है' सेना पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राष्ट्रद्रोह और मानव हत्या के जुर्म कभी भी गिरफ्तार कर फांसी दे सकती है। पाकिस्तानी इतिहास में भी जनरल जिया उल हक ने 1974 तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो इसी आरोप में 1979 मैं फांसी पर लटका दिया था वही इतिहास जनरल असीम मुनीर भी दोहराने पर आमादा है। क्योंकि यह तो तय है कि यदि पाकिस्तान में आम चुनाव कराए जाएं तो इमरान की लोकप्रियता के मद्देनजर उनका सत्ता में आना लगभग तय है। इन परिस्थितियों में वर्तमान सरकार और सेना दोनों इमरान और इमरान की पार्टी को समूल नष्ट करना चाहते हैं' पाकिस्तान की कंगाली दूर करने के लिए आई एस आई के करीबी और राजनीतिक विश्लेषक जैद हामिद ने एक फामूर्ले का सुझाव दिया है उन्होंने कहा है कि तुर्की और सऊदी अरेबिया को पाकिस्तान सरकार को एटमी हथियार यानी परमाणु बम बेच देना चाहिए उन्होंने कहा परमाणु हथियार तुर्की और सऊदी अरेबिया तथा अन्य अरब देश बम खरीदने को तैयार हो जाएंगे और प्रति परमाणु बम 20 अरब डालर की कमाई हो सकती है 5 परमाणु बम पाकिस्तान किन देशों को बेच देता है तो उसे 100 अरब डालर की कमाई हो जाएगी और उसे कर्ज लेने के लिए दर-दर की खाक नहीं छाननी पड़ेगी, पाकिस्तान का वित्तीय संकट इसे आसानी से दूर किया जा सकता है गजवा के हिन्द के नाम से धमकी देने वाले जैद हामिद पाकिस्तान को यहां तक सलाह दे दी है कि परमाणु बमों के साथ अपने परमाणु मिसाइल भी बेच देने चाहिए जिससे पाकिस्तानी जनता को रोटी नमक तो मिल ही सकता है ।पत्रिका बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट के हवाले से बताया गया की पाकिस्तान के पास वर्तमान में 165 वारहेड का जखीरा उपलब्ध है और 5 वारहेड की कीमत 25 अरब डॉलर की गई है।

## विचार

# 71 वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी अतुल्य

**एडवोकेट किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत हर क्षेत्र में जिस तरह सफलता के कदम आगे बढ़ा कर अभूतपूर्व कामयाबी के झंडे गाड़ रहा है वह मात्र संयोग नहीं हो सकता बल्कि सफलताओं, गाथाओं और नए नए अध्याय जोड़ने का क्रम जारी होता जा रहा है जो विजरन 2047 पूर्ण विकसित देश विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विश्व गुरु बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा।पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि अनेक क्षेत्रों में वैश्विक मंचों के आयोजन उसके दशकों बाद भारत में हो रहे हैं,इससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसमें जी20 की अध्यक्षता, सूरीनाम में पहले भारतीय राष्ट्रपति को सर्वोच्च सम्मान, विकसित देशों द्वारा भारत के साथ एफटीए करने की उत्सुकता सहित अनेक बातें गवाह ह। चूंकि इसी कड़ी में एक नया अध्याय नवंबर दिसंबर 2023 में जुड़ने जा रहा है। 71 वें मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता की मेजबानी अतुल्य भारत करेगा, इसीलिए गुरुवार दिनांक 8 जून 2023 को देर शाम वैश्य मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा इसकी घोषणा की गई। बता दें कि1996 में अंतिम बार इसका आयोजन किया गया था इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में तीन दशकों बाद फिर मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता का आयोजन, 140 से अधिक देशों के शामिल होने की संभावना है।
साथियों बात अगर हम इसकी घोषणा की करें तो गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिस वर्ल्ड संगठन की चेयरपर्सन और सीईओ ने कहा, 71वां मिस वर्ल्ड 2023 अतुल्य भारत में अपनी एक महीने की यात्रा में 140 राष्ट्रीय चैंपियन की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, क्योंकि हम 71वां और अब तक का सबसे शानदार मिस वर्ल्ड फाइनल पेश कर रहे हैं। महीने भर चलने वाले इस आयोजन में 140 से अधिक देशों के प्रतियोगी हिस्सा लेंगे, जिसमें प्रतिभा प्रदर्शन, खेल चुनौतियों और धर्मार्थ पहलों सहित कठोर प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला शामिल होगी।सभी का उद्देश्य उन गुणों को उजागर करना है जो उन्हें परिवर्तन का दूत बनाते हैं।भारत को आयोजन स्थल घोषणा करते हुए खुशी हो रही।उन्होंने कहा, हमें आपकी अनूठी और विविधतापूर्ण संस्कृति, विश्व स्तरीय आकर्षक और लुभावने स्थलों को दुनियां के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है।
वर्तमान में भारत में सौंदर्य प्रतियोगिता के प्रचार प्रसार के लिए भारत में मौजूद पोलैंड की विश्व सुंदरी, ने कहा कि वह इस खूबसूरत देश में अपना ताज सौंपने के लिए उत्साहित हैं, जो मिस वर्ल्ड के समान मूल्यों के लिए खड़ा है। भारत में पूरी दुनिया में सबसे बड़ा आतिथ्य है। मैं यहां दूसरी बार आई हूं और आप मुझे घर जैसा महसूस कराते हैं। आप समान मूल्यों के लिए खड़े हैं। विविधता,एकता आपके मूल मूल्य परिवार, सम्मान, प्यार हैं। दयालुता और यह कुछ ऐसा है, जिसे हम दुनिया को दिखाना पसंद करेंगे। यहां देखने के लिए और भी बहुत कुछ है और एक महीने के लिए पूरी दुनिया को यहां लाना और वह सब कुछ दिखाना जो भारत पेश कर सकता है। सबसे अच्छा विचार है। मौजूदा मिस इंडिया वर्ल्ड भी भारत के इस कार्यक्रम की मेजबानी करने को लेकर उतनी ही उत्साहित और उत्सुक थीं, जो इस हाई-ऑक्टेन प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। मैं दुनिया भर में अपनी सभी बहनों से मिलने के लिए भारत में उनका स्वागत करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, उन्हें यह दिखाने के लिए कि भारत वास्तव में क्या है, भारत क्या है, भारत में विविधता क्या है मैं वास्तव में उत्साहित हूं और इस यात्रा के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि यहां भारत में आप लोगों का समय अच्छा गुजरेगा ।मिस वर्ल्ड आयोजन 2023 में उत्तर प्रदेश मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। वाराणसी और आगरा में कई जगह पर रैम्प का आयोजन होगा। मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी घोषणा में बताया, कि नवंबर दिसंबर 2023 में होने वाले ग्रैंड फिनाले से एक महीने पहले प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए कई राउंड होंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## कैरियर

# प्लांट पैथोलॉजिस्ट कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**प्लांट** पैथोलॉजिस्ट पौधों के स्वास्थ्य की देखभाल करने में एक पेशेवर उपयुक्त है। पृथ्वी पर निरन्तर बढ़ती जनसंख्या के साथ, भोजन, दवाओं और अन्य उपभोग्य सामग्रियों की माँग तीव्र गति से बढ़ रही है जबकि पृथ्वी के संसाधन हर नए दिन के साथ कम होते जा रहे हैं। इस प्रकार सीमित संसाधनों के भीतर मांग के साथ तालमेल रखने के लिए मौजूदा संसाधनों की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार करने की बहुत आवश्यकता है ताकि उपभोज्य जैविक संसाधनों की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को भरने के लिए इष्टतम स्तर तक उनका उपयोग किया जा सके। पृथ्वी का। इसे वास्तविकता बनाने के लिए आम तौर पर दुनिया भर में और विशेष रूप से भारत में मौजूदा संसाधनों का अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए पौधे के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए बहुत सारे प्रयासों की आवश्यकता होती है क्योंकि हम दुनिया के अग्रणी कृषि देशों में से एक हैं और दुनिया के अग्रणी देशों में से एक हैं। इसके धन का सबसे बड़ा स्त्रोत इसकी भूमि से उपज है। प्लांट पैथोलॉजिस्ट पौधे के स्वास्थ्य में उसी तरह माहिर होते हैं जैसे एक चिकित्सक मानव स्वास्थ्य में माहिर होता है। पौधों को स्वस्थ रखने के लिए उन जीवों और एजेंटों की समझ की आवश्यकता होती है जो बीमारी का कारण बनते हैं और साथ ही यह भी समझते हैं कि पौधे कैसे बढ़ते हैं और बीमारियों से प्रभावित होते हैं। प्लांट पैथोलॉजिस्ट वे पेशेवर होते हैं जो वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फसल विज्ञान, पारिस्थितिकी, आनुवंशिकी आदि में अपने कॉलेज के पाठ्यक्रमों के माध्यम से इन सभी पहलुओं से अवगत होते हैं। प्लांट पैथोलॉजिस्ट अपने काम में पौधों के प्रजनकों और फसल प्रबंधन, कीड़ों और खरपतवार विशेषज्ञों के साथ फसलों और उनके कीटों के प्रबंधन के लिए एकीकृत, पर्यावरणीय रूप से ध्वनि दृष्टिकोण विकसित करने में सहयोग करते हैं। ये पेशेवर राष्ट्र की कृषि उत्पादकता को बनाए रखने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हमारे वैश्विक पर्यावरण की गुणवत्ता में बढ़ती रुचि और उच्च गुणवत्ता वाले भोजन, फाइबर, पेड़ और सजावटी पौधों की बढ़ती वैश्विक मांग को ध्यान में रखते हुए प्लांट पैथोलॉजिस्ट के लिए कई अवसर प्रदान करता है।

# कमाल की चोरी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कुछ** चीजें खरीदने तक सवारी करने योग्य रहती हैं। बाद में पता ही नहीं चलता कि वह हम पर सवारी कर रही हैं या हम उन पर। आज को बाइक चोरी हुए आठ साल बीत गए। उम्मीद और शीशा कभी भी टूट सकता है। न जाने हम किस कांक्रिट के बने थे कि पिछले आठ साल से उसी के बारे में सोचते रहते। वह क्या है न कि कमाकर खरीदी गई ईंट फोकट के ताजमहल से कहीं अधिक कीमती होती है। धुंधली ही सही उसकी याद बनी रही। मानो यह घटना मस्तिष्क पटल पर पेंसिल से नहीं सीडी मार्कर से लिख दी गई हो। जो मिटने का नाम ही नहीं ले रही थी। फिर एक दिन बिन जड़ के पेड़ और बिन हाथों के ताली बजाने वाली खबर आई। डाकिया गुम हुई बाइक का एक चालान थमा गया। यह चालान ठीक वैसा ही था जैसे खाए कोई स्वाद बताए कोई। फिर भी एक बात की दाद देनी पड़ेगी कि आठ साल में केवल एक चालान! हो न हो चलाने वाले का हाथ एकदम साफ है। समझ नहीं आ रहा था कि चलाने वाले की तारीफ करूँ या जाकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराऊँ। कुछ देर सोचा और पहुंच गया पुलिस थाने चालान लेकर। चालान देखकर पुलिस भौंचक्का रह गई। उन्होंने चीजों को लूटते, चोरी होते या फिर गायब होते हुए देखा है। मिलते हुए बहुत कम बार देखा है। बाइक चुराने वाले को पुलिस थाने में बुलाया गया। वैसे थाने में किसी को बुलाया नहीं जाता बल्कि पकड़कर या घसीटकर लाया जाता है। चूंकि चुराने वाला पुलिस वाला ही था, सो उसे बाइक के साथ बुलाया गया। थाने की चारदीवारी में अपनी बाइक को देख खुशी का ठिकाना न रहा। सोचा आज अपने साथ ले जाऊँगा। तभी जैसे लगा कि बाइक मुझसे कुछ कहना चाहती है। मैं ह्यहम दिल दे चुके सनमह्न फिल्म के अजय देवगन की तरह ऐश्वर्या रूपी बाइक की बातें सुनने लगा। वह कहती रही झ्र जानते भी हो पेट्रोल की कीमत क्या है! क्या इतना महंगा पेट्रोल मुझ पर खर्च सकते हो? मैं उस पुलिस वाले के साथ बहुत खुश हूँ। उसके एक महीने की ऊपरी कमाई तुम्हारे साल भर की कमाई से कहीं अधिक है। उसके रौब से ही पेट्रोल बंक वाले मेरी टंकी भर देते हैं। हर समय मुझे चमकाने के लिए कोई न कोई तैयार रहता है।

# आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत! खरखौदा कस्बे में** सब्जी मंडी के आढ़ती अजय चुघ से हुई लूटपाट की घटना की जानकारी लेने पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि किसी भी कीमत पर आरोपी बख्शे नहीं जायेंगे और वह दोषी के पकड़े जाने तक चैन से नहीं बैठेंगे, हर कीमत पर व्यापारियों का साथ देंगे। इसके अतिरिक्त राजीव जैन ने 23 सैक्टर मोड़ पर अमन कन्फैक्शनरी पर हुई लूट के दुकान मालिक मुकेष मलिक से जानकारी ली।

देर सायं राजीव जैन ने दिल्ली रोड पर स्थित बहल पेंट एवं हार्डवेयर की दुकान पर पीड़ित अजय चुघ से सारी जानकारी ली और बाद में वह पैदल ही व्यापारियों के साथ सब्जी मंडी पहुंचे जहां आक्रोषित व्यापारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही उन्होंने जिला पुलिस के आला अधिकारियों एवं खरखौदा एसीपी जीत सिंह से फोन पर बातचीत करते हुए जल्द से जल्द लूट की वारदात की गुत्थी सुलझाने का आग्रह किया। व्यापारियों ने राजीव जैन से पुलिस की गश्त बढ़ाने और सब्जी मंडी में चल रहे अनैतिक कार्यों की तरफ भी ध्यान देने का आग्रह किया। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जायेगी और आवारा तत्वों को जड़ों से खदेड़ा जायेगा। व्यापारियों ने सब्जी मंडी में सफाई का भी ठेका न छूटने के कारण सफाई को बदहाल व्यवस्था का भी रोना रोया। भाजपा नेता ने मार्किट बोर्ड के सचिव फ्रीँ फौगाट को फोन पर सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए और दो दिन में पूरी सफाई करवाने का आग्रह किया। राजीव जैन ने बताया कि वह पूरे प्रदेश में व्यापारियों के साथ हुई इस तरह की घटना का संज्ञान लेकर हर कोने में पहुंचते हैं और वारदातों में दोशियों को पकड़वाने का काम करते हैं। इस अवसर पर सुनील पांचाल, गुलशन ठेकेदार, अजय राठौड़, सुनील सरोहा, अजय चुघ आदि सैंकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

**▶▶राजीव जैन ने बताया कि वह पूरे प्रदेश में व्यापारियों के साथ हुई इस तरह की घटना का संज्ञान लेकर हर कोने में पहुंचते हैं**

# गंदे पानी की निकासी न होने से गढ़ी झझारा रोड पर भरा पानी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गढ़ी झझारा** रोड जन स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते लोग बेहद परेशान है । हालात यह है कि अगर जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई मोटर खराब हो जाती है तो उसके 10 मिनट बाद ही रोड पर नालियों का गंदा पानी का जमाव होना शुरू हो जाता है । शुक्रवार की शाम को मोटर खराब होने के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति हो गई । लोगों ने उसकी सूचना जन स्वास्थ्य विभाग को दी। कई घंटे तक वाहन चालक परेशान रहे दोपहर बाद को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नौटंकी कराई गई उसके बाद गंदे पानी की निकासी का समाधान हुआ।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन व विधायक से मांग की है कि उनके गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान होना चाहिए। कई बार तो मोटर दो 2 दिन तक खराब रह जाती है और सड़क पर जलभराव रह जाता है । स्थानीय वासी जय सिंह धनखड़ , सुनील रणबीर महेंद्र आदि ने बताया कि गढ़ी झझारा रोड पर गंदे पानी की निकासी के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका के अधिकारी विधायक के साथ दौरा भी कर चुके हैं लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क के दूसरी तरफ नाला बनने से गंदे पानी की निकासी में कुछ राहत तो मिली है लेकिन उसके बावजूद भी निकासी जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई बिजली की मोटर के भरोसे ही है अगर मोटर चलती है तो निकासी रहती है बंद होने पर तुरंत रुकने के बाद सड़क पर जलभराव हो जाता है ।

**सीवर लाइन चालू की जाए ताकि स्थाई रूप से समाधान हो सके : जयसिंह**

स्थानीय वासी जय सिंह धनखड़ ने बताया कि यहां की निकासी मोटर पर निर्भर अगर मोटर खराब हो जाती है तो तुरंत पानी भर जाता है उन्होंने बताया कि उनके यहां सीवर दबे हुए हैं। सीवर लाइन चालू हो जाए तो लोगों को कुछ राहत मिल सकती है उन्होंने प्रशासन से गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान कराने की मांग की है ।

**मोटर खराब होने पर गलियों में भी भर जाता है पानी: अनिल** स्थानीय वासियों ने ने बताया कि जब भी मोटर खराब हो जाती है तो कई बार ऐसे हालात हो जाते हैं की गलियों में भी पानी भर जाता है गलियों में पानी भरने से लोगों का आवागमन में बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है जब मोटर ठीक होती है तब पानी गलियों से उतरता है और लोगों का आवागमन बिना परेशानी के शुरू होता है।

**लाइट खराब आने की वजह से खराब हुई मोटर ठीक करवा दी है : जेई**

जन स्वास्थ्य विभाग के जेई राजकुमार दहिया ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए लगाई गई मोटर खराब होने की उन्हें सूचना मिली थी सूचना मिलते ही तुरंत टेक्निकल टीम को भेजकर चेक करवाया तो पता चला कि शाम को लाइट खराब आने की वजह से मोटर में दिक्कत आ गई थी उसे दोपहर तक ठीक करवा दिया गया है । मोटर बंद हुआ खराब होने की सूचना मिलते ही उसे तुरंत ठीक करवाने का प्रयास किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए टेक्नीकल एजुकेशन का पोर्टल 17 जुलाई तक खुला रहेगा

**सोनीपत: राजकीय बहुतकनीकी** संस्थान सोनीपत के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार ने बताया कि 9 जून शुक्रवार से पॉलीटेक्निक कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए टेक्नीकल एजुकेशन का पोर्टल 17 जुलाई तक खुला रहेगा।

श्री कुमार ने बताया कि जिला सोनीपत में एक राजकीय बहुतकनीकी संस्थान है जिसमें अलग-अलग ट्रेड की कुल 660 सीटें हैं। पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा भी विद्यार्थियां के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिप्लोमा लेटरल एंट्री के लिए 13 जून मंगलवार से 24 जुलाई सोमवार तक पोर्टल ओपन रहेगा। उन्होंने बताया कि दाखिले के लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा लेकिन इसके बाद अपने अंकों की फिजिकल वेरिफिकेशन करवानी होगी। फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत और बीपीएस महिला पॉलीटेक्निक, खानपुर कलां में सेंटर बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि जो भी इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन फार्म भरने के बाद अंकों की वेरिफिकेशन नही करवाएगा उनका नाम काउंसिलिंग सूची में नही आएगा।

डॉ अनिल कुमार ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्सेज में दाखिला के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 9 जून से 17 जुलाई तक, ऑनलाईन वेरिफिकेशन 9 जून से 18 जुलाई तक, 24 जुलाई को सांय 5 बजे के बाद मेरिट सूची जारी होगी, पहली काउंसलिंग 8 अगस्त से 10 अगस्त तक तथा दूसरी काउंसलिंग 18 अगस्त से 21 अगस्त तक की जाएगी। इसके अलावा डिप्लोमा लेटरल एंट्री कोर्सेज के लिए दाखिला शेड्यूल ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 13 जून से 24 जुलाई तक, ऑनलाईन वेरिफिकेशन 13 जून से 25 जुलाई तक, 27 जुलाई को सांय 5 बजे के बाद मेरिट सूची जारी होगी, पहली काउंसलिंग 28 जुलाई से से 01 अगस्त तक तथा दूसरी काउंसलिंग 9 अगस्त से 11 अगस्त तक का रहेगा।

### कीर्तन में धूम मजा जाईयों ओ खाटू के राजा .....पर झूमे श्याम सेवक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्री श्याम बाला जी सेवा संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा वीरवार रात्रि सेक्टर 5 में चौथा भव्य श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम सेवक दिनेश गोयल ने बताया कि पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा,लाड़वा के विधायक मेवा राम सहित आयोजक मदन लाल गोयल,ज्ञानो देवी,आशीष गोयल,विजय रानी और अंशुल गोयल ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल और लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम जी के भजनों के साथ साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए। जय श्री श्याम कहने की अब आदत हो गई है ....., कीर्तन में धूम मजा जाईयों ओ खाटू के राजा ....., जिनको-जिनको सेठ बनाया वो क्या रिश्तेदार हैं, हारे के सहारे आजा और खाटू वाले श्याम बिहारी कलयुग में है महिमा तुम्हारी..... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। खाटू श्याम के बारे में विख्यात है कि आज भी वे माता को दिए वचन के अनुसार इस संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है। इनके दरबार में जो हार कर जाता है, जीत कर वापिस आता है। दिनेश गोयल ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु एवं बाला जी प्रचार प्रसार करना है। संघ द्वारा दो दिवसीय तीसरी खाटू श्याम दर्शन यात्रा शुक्रवार तड़के खाटू धाम राजस्थान के लिए रवाना हुई। श्याम आरती में अजय शर्मा, संजय गर्ग,दिवाकर बंसल,उमेश,दीपक चंद,संजय सैनी,पारस सरदाना,विशाल गर्ग,प्रमोद बंसल,यश,श्याम जुनेजा,जितेन्द्र मिगलानी,सतपाल गर्ग,सुमित बंसल,मुखी लाल और रीटा गोयल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

### सान्वी ने तीसरी नॉर्थ इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 2023 में जीते दो पदक

**गुरुग्राम।** प्रतिष्ठित कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन (केआईओ) द्वारा आयोजित तीसरी नॉर्थ इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 2023 में 10 वर्षीय सान्वी चौधरी ने प्रतिभा और समर्पण का शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सान्वी ने काटा में रजत और कुमिते में स्वर्ण पदक जीता, उन्होंने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अपने विरोधियों खिलाड़ियों पर जीत हासिल की। सान्वी ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, साउथ सिटी 1 की छात्रा हैं। सान्वी की यात्रा तब शुरू हुई जब के माता-पिता ने आठ साल की उम्र में कराटे के प्रति उसके जुनून को देखा। 2022 में, उन्होंने दिल्ली ओपन और इंडिया ओपन इंटरनेशनल जिउ जित्सु टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। बाद में, उन्होंने 10 वर्षीय वर्ग के तहत पहली रिपब्लिक क्लब ओपन कराटे चैम्पियनशिप 2023 में काटा में स्वर्ण पदक और कुमिते में कांस्य पदक जीता।

# शिक्षा बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नहीं हो सकता: चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर भारत** विकास परिषद शाखा गन्नौर द्वारा लगाए जा रहे लड़के लड़कियों के निशुल्क आत्मरक्षा शिविर के तीसरे दिन गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने शिरकत की । शिविर में पहुंचने पर परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने विधायक व चेयरमैन का स्वागत किया । आत्मरक्षा सीहोर की शुरूआत राष्ट्रीय गीत के साथ हुई । विधायक ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बहुत ही अच्छी बात है कि परिषद द्वारा लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है । उन्होंने कहा कि आज के समय संस्कारों का अभाव होता जा रहा है । बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नहीं हो सकता, इसलिए शिविर में आने वाले लड़के व लड़कियों को प्रशिक्षण के साथ संस्कार भी दे तभी समाज का उत्थान होगा। नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि नगरपालिका के अंदर आने वाले क्षेत्र में अगर आपको व आपके परिजनों को किसी तरह की कोई समस्या है तो वे उन्हें अवगत करवाएं । परिषद द्वारा किया जा रहा कार्य बहुत ही सराहनीय है।

त्यागी ने कहा कि इसके अलावा भी परिषद सामाजिक क्षेत्र में अन्य कार्य कर रही है इसके लिए उन्होंने परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक को बधाई दी।

# समर कैम्प में बच्चों को दी साईबर जागरूकता की जानकारी

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला** पुलिस द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति तथा यातायात नियमों की पालना करने के लिए विधार्थियो को जागरुक किया जा रहा है । दिनांक 09 जून 2023 को जिला यातायात पुलिस ने जिला बाल भवन में बच्चों को यातायात नियमों व साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया ।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत यातायात समन्वक उप निरीक्षक रोशन लाल ने बच्चों को यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरुक किया।

बच्चों को संबोधित करते हुए रोशन लाल ने बताया कि देश में प्रति वर्ष करीब ढेड लाख लोगो की असमय मौत होती जिसमें सबसे ज्यादा शिकार देश की युवा पीढी हो रही है । छोटे बच्चे यदि बचपन से ही यातायात नियमों को अपने व्यवहार में शामिल करें तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरो का जीवन सुरक्षित रखें। उन्होने कहा कि जिस प्रकार सही रास्ते पर चलते हुए तरक्की की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री अंतर्राष्ट्रीय मंडी में ही जनसभा भी करेंगे: सांसद रमेश कौशिक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर गन्नौर जीटी** रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय फल, फूल, सब्जियां एवं बागवानी मंडी में विकास कार्यों का उद्घाटन 11 जून को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। मुख्यमंत्री उद्धघाटन के उपरांत एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे । जनसभा के दौरान केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य एवं मदर डेयरी राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान व राज्य कृषि मंत्री जेपी दलाल भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को सासंद रमेश कौशिक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। सांसद रमेश कौशिक ने हवन स्थल, जनसभा स्थल के साथ-साथ मंडी में हैलिपेड स्थल का भी जायजा लेते हुए अधिकारियों को आयोजन स्थल में विभिन्न इंतजाम को लेकर कुछ निर्देश भी दिए। इस मौके पर सोनीपत के अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम गन्नौर डा. अनुपमा मलिक, एसई जगदीप कक्कड़, एक्सईएन सुभाष चंद्र, मार्केट कमेटी गन्नौर सचिव चंद्रप्रकाश,जिला डीआईपीआरओ बिजेन्द्र सहित कई अधिकारी के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खजान सिंह के स्मृति दिवस कार्यक्रम में कृषि मंत्री होंगे शामिल

**सोनीपत: जुआं** गांव स्थित आर्ष गुरूकुल में विख्यात समाजसेवी स्वर्गीय खजान सिंह छिक्कारा के 10 जून को आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल सुबह 09:00 बजे शामिल होंगे। वे हवन-यज्ञ में आहुति डालेंगे और स्मृति सभा में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। स्मृति दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से वैदिक विद्वान स्वामी आर्यवेश और पद्मश्री आचार्या डा. सुकामा भी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक डा. कुलबीर छिक्कारा ने दी।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत एमडी ने किया भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । भारतीय अंतरराष्ट्रीय** बागवानी मार्केट (आईआईएचएम) में 11 जून को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रस्तावित सौगाती दौरे के दृष्टिगत एचआईएचएमसी के प्रबंधक निदेशक (एमडी) टीएल सत्यप्रकाश ने आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हरियाणा इंटरनेशनल होर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन (एचआईएचएमसी) के प्रबंधक निदेशक टीएल सत्यप्रकाश ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री करीब 2600 करोड़ रुपये की लागत से आईआईएचएम में किये जाने वाले कार्यों का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ दर्जन नये शेड बनाये जायेंगे, जिनमें विशेष रूप से फूल मार्केट, मत्स्य मार्केट तथा किसानों के लिए अलग से शेड शामिल रहेगा।

प्रबंधक निदेशक सत्यप्रकाश ने जानकारी दी कि मार्केट परिसर में किसानों के लिए विश्राम गृह का निर्माण भी किया जाएगा। साथ ही रिटेल जोन को भी विकसित किया जाएगा, जिसमें मोबाईल रिटेलिंग, मार्केटिंग व्हील, मिनी स्टॉल्स, बूथ, स्टोर तथा ख्यातिप्राप्त ब्रांड्स की दुकानें शामिल रहेंगी। परिसर में कैब सर्विस और टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था भी की जाएगी। यहां वर्कशॉप (सर्विस स्टेशन) तथा संस्थानों के लिए जगह की उपलब्धता व बिल्डिंग निर्माण, पुलिस स्टेशन व फायर स्टेशन तथा डोरमैट्री और कर्मचारी आवास भी निर्मित किये जायेंगे।


# अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में गर्ल्स वॉलीबॉल लीग का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत डॉ. बी.** आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कमेटी के द्वारा पाँच दिवसीय 'गर्ल्स वॉलीबॉल लीग' 2023 का समापन हुआ। पाँच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा ने सभी टीमों को शुभकामनाएँ दी और उन्होने कहा कि खेल में हार-जीत मायने नहीं रखती है। खेल में अच्छा प्रदर्शन ही टीम को जीत तक पहुंचता है। खेल की भावना से खेल को खेलना चाहिए। इस मौके पर स्पोर्ट्स कमेटी के कंवीनर असिस्टेंट प्रोफेसर अमन बागरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लिया। टीमों के नाम भारतीय संविधान पर आधारित थे। लीग में कुल 28 खिलाड़ी थे। फाइनल लिबर्टी हॉक्स और धक्कड़ डेमोक्रेट्स के बीच रोमांचक मुकाबला था। प्रत्येक टीम के अन्य टीमों के साथ 2 मैच थे। प्रत्येक मैच में 25-25-15 अंकों के 3 सेट शामिल थे। टीम धाकड़ डेमोक्रेट्स ने (24-25) (21-25) (25-25) जोड़ी के स्कोर के साथ लीग जीती। टीम धक्कड़ डेमोक्रेट्स की दिव्यांशी सहारन को लीग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ सुखविन्द्र सिंह ने छात्रों के जीवन में खेल के महत्व को बताया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर विश्वविद्यालय में निरंतर चलते रहते है। इस लीग के माध्यम से विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इंचार्ज लॉ डॉ अमित गुलेरिया ने कहा कि इस लीग व खेल उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने और नशे से दूर रखना है। नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए सरकार जागरूकता अभियान चलाती है। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर नवनीत कृष्णा, ओएसडी बी.के. शर्मा, डॉ मनवीर कौर, रीना आजाद एवं छात्र-छात्राएँ आदि मौजूद रहे।

# डूबे युवक का सुराग लगाने में 10 गोताखोरों की टीम लगी

**भोंडसी पुलिस अकादमी से 5 गोताखोर व यमुनानगर से 5 गोताखोर की प्राइवेट टीम भी शामिल**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। आहुलाना** गांव के पास बुधवार को पश्चिमी यमुना लिंक नहर में नहाते हुए युवक का वीरवार को कोई सुराग नहीं लग पाया।

पश्चिमी यमुना लिंक नहर में डूबे युवक का तीसरे दिन सुराग लगाने में 10 गोताखोर सहित 7 नाव कर्मचारियों की टीम तलाश में जुटी है लेकिन तीसरे दिन भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। भोंडसी पुलिस अकादमी से 5 गोताखोर व यमुनानगर से 5 गोताखोर की प्राइवेट टीम , नाव के साथ 7 कर्मचारी खुबड़ू चौकी प्रभारी के नेतृत्व में हवलदार बिजेंद्र हुड्डा व उनकी टीम व्यक्ति के डूबने के बाद उनकी तलाश में जुटे हैं। टीम ने शुक्रवार को कैलाना, सीटावली, बड़वासनी तक तलाश की इसके अलावा आहुलाना से झाल तक भी टीम निगाह रखे हुए हैं । मृतक के परिजन भी अपने स्तर पर तलाश में जुटे हैं । समाचार लिखे जाने तक उनका कोई पता नहीं चल पाया था। ज्ञात रहे कि बुधवार की दोपहर बाद को पुलिस चौकी में स्थानीय लोगों ने व्यक्ति के डूबने की सूचना खुबड़ू झाल चौकी पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थी । नहर में डूबे युवक सादाबाद, हाथरस यूपी का रहने वाला 31 वर्षीय अजीत सिंह हाल में पांची गुजरान में किराये पर रहता था और फैक्ट्री में काम करता था। वह दो अपने दोस्तों के साथ आहुलाना नहर पर नहाने गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले उन्होंने नहर के किनारे आकर बैठ गए और उसके बाद उसके बाद नहर में नहाने लग गए। इस दौरान पानी का बहाव तेज होने से अजित नहर में डूब गया। इसके बाद उसके दोनों साथी वहां से भाग गए।

# डीसी ने किया तहसील कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । हरियाणा** सरकार ने सहज व सरल तरीके से सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए 542 से अधिक सेवाओं व योजनाओं को आनलाइन किया है। इन सभी पर आरटीएस यानी राइट टू सर्विस एक्ट लागू है। यह सभी सेवाएं निर्धारित समय में देना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनता को सभी तरह की सेवाएं व योजनाएं तय समय में मिले। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय में तहसील कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए।

डीसी आज सुबह अचानक लघु सचिवालय में विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान वे रजिस्ट्री के लिए मिलने वाले टोकन खिड़की पर भी पहुंची जहां पर उन्होंने जारी किए टोकनों के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित किए गए समय सीमा के अंदर ही सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने टोकन खिड़की के पास सभी प्रकार की सेवाओं से संबंधित फ्लेक्स लगाने के निर्देश भी दिए।

# 'केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली बनी ब्लैक स्पॉट'

## नड्डा ने किया भाजपा के नए दफ्तर का भूमिपूजन, ये कार्यालय नहीं, हमारे संस्कार केंद्र हैं

**उद्घाटन**

**● ये कार्यालय सिर्फ कार्यालय नहीं हैं, ये हमारे संस्कार केंद्र हैं। कार्यालय वास्तव में कार्यकर्ताओं के लिए 'संस्कार केंद्र' हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के नए दफ्तर के लिए भूमि पूजन हुआ है। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पूजा में मौजूद रहे। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा के दिल्ली प्रदेश कार्यालय का भूमि पूजन हुआ, मैं अपनी और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं की ओर से इस अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आज का दिन उन सभी लोगों को याद करने का भी दिन है।
जेपी नड्डा ने कहा, ये हमारे कार्यालय सिर्फ कार्यालय नहीं हैं, ये हमारे संस्कार केंद्र हैं। हमारे पार्टी कार्यालय वास्तव में हमारे कार्यकताओं के लिए 'संस्कार केंद्र' हैं। हमारी पार्टी अन्य पार्टियों से अलग है। सारी पार्टियां विचार से शून्य की तरफ जा रही हैं जबकि हमारी पार्टी विचारों पर खड़ी है। इस सरकार पर शराब घोटाला के साथ जल बोर्ड, परिवहन, बिजली बिल घोटाला के आरोप हैं। इस तरह के लोगों के हाथ में दिल्ली की सत्ता शर्म की बात है। इसे प्रजातांत्रिक तरीके से बदलने के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्प लेना चाहिए। मोदी सरकार के प्रयास से लोग दिल्ली को बदलते हुए देख रहे हैं। वह दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के नए कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कहा कि अन्य पार्टियां सत्ता प्राप्त करने के लिए काम करती हैं। उनकी कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस भी सत्ता के लिए इन पार्टियों के साथ समझौता कर रही है। वह विचार शून्यता की ओर जा रही है।
भाजपा विचारों पर आधारित और जनसेवा के लिए काम करने वाली कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है। वर्ष 1952 में हम जिस विचारधारा को शुरू किए और 1953 में जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। उस पर आगे बढ़ते हुए वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त किया गया। तमाम उतार चढ़ाव के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय के दर्शन को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के मंत्र पर काम करते हुए भारत को आत्म निर्भर बना रहे हैं। मोदी ने सरकार की कार्यप्रणाली बदलने के साथ राजनीति की संस्कार व संस्कृति भी बदल दी है। वोट बैंक की राजनीति से निकलकर अब रिपोर्ट कार्य की राजनीति करनी पड़ रही है। सभी पार्टियों को अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना पड़ रहा है। कहा कि दिल्ली भाजपा के नेता व कार्यकर्ता जनसंघ के समय से पार्टी की विचारधारा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। लंबे इंतजार के बाद अब दिल्ली भाजपा के अपने कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। यह कार्यालय डिजिटल उपकरणों व अन्य आधुनिक सुविधाओं वाला होगा। भाजपा का आफिस नहीं कार्यालय होता है। आफिस के खुलने व बंद होने का समय होता है। कार्यालय 24 घंटे खुले रहते हैं। भाजपा के कार्यालय संस्कार केंद्र हैं। इस मौके पर पार्टी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह प्रभारी अलका गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद मनोज तिवारी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# अस्पताल की बिल्डिंग में देर रात लगी आग



**आग पर पाया काबू**

**● यहां के 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। मौके पर अलग-अलग दमकल स्टेशनों से आग बुझाने वाली 09 गाड़ियां पहुंची**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में पड़ रही गर्मी के बीच शॉर्ट सर्किट और लूज वायरिंग की वजह से आग की घटनाएं लगातार हो रही है। ऐसा ही एक मामला देर रात द्वारका जिले के डाबड़ी के पास वैशाली इलाके में सामने आया। यहां के 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। मौके पर अलग-अलग दमकल स्टेशनों से आग बुझाने वाली 09 गाड़ियां पहुंची। मौके पर फायरकर्मियों को पता चला कि आग बेसमेंट में लगी है और उसका धुआं ऊपरी मंजिल तक पहुंच रहा है। फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बोर्न चाइल्ड हॉस्पिटल था। जिसमें 20 नवजात बच्चे को नर्सरी में रखा हुआ था। मौके पर पहुंचे डिविजनल ऑफिसर वीके दुग्गल, असिस्टेंट डिविजनल ऑफिस उदयवीर और बाबूलाल मीणा की टीम ने सभी बच्चों को वहां से निकालकर अलग-अलग अस्पतालों में एंबुलेंस के जरिए सकुशल भिजवाया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल विभाग को रात 1:35 पर आग लगने की सूचना मिली थी। लगभग एक घंटे के अंदर 2:25 पर आग पर काबू पा लिया गया। चार मंजिला बिल्डिंग के बेसमेंट में हॉस्पिटल का सामान रखा हुआ था। जिसमें ऑफिस भी बना हुआ था, जिसमें किसी कारण से आग लग गई थी। ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें हैं और फर्स्ट फ्लोर पर "न्यू बोर्न चाइल्ड हॉस्पिटल" चलाया जा रहा है। अस्पताल में सभी वह नवजात बच्चे थे, जिन्हें किसी ने किसी प्रॉब्लम की वजह से नर्सरी में डॉक्टर की निगरानी में इलाज के लिए रखा गया था। लेकिन उनमें से जनकपुरी के आर्या अस्पताल में 13 बच्चे को, द्वारका मोड़ के न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में 2 बच्चों को, जनकपुरी के जेके अस्पताल में दो बच्चों को शिफ्ट किया गया। वहीं 03 नवजात बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आगे की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने बच्चों को दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने के बाद आज सुबह जानकारी दी।

# पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए युवक पर किया जानलेवा हमला



**काबू**

**● वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। कासिम पर हमले का वीडियो सामने आया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के नंद नगरी इलाके में एक युवक ने 20 साल के कासिम पर उसकी मां के सामने ही चापड़ से हमला कर दिया। बेटे को बचाने के लिए मां आसपास मौजूद लोगों से गुहार लगाती रही, लेकिन कोई भी उसे बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। कासिम पर हमले का वीडियो सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एम्स के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात तकरीबन 11 बजे नंद नगरी थाना पुलिस को कबूतर चौक के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही नंद नगरी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायल को जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस की एक टीम जीटीबी अस्पताल में पहुंची। घायल की पहचान कासिम (20) के रूप में हुई। उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उसके शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हैं। हालत गंभीर होने की वजह से उसे जीटीबी अस्पताल से एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस का कहना है कि कासिम बयान देने की हालत में नहीं है। मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपित शोएब (22) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर एक अक्तूबर से पाबंदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वायु गु**णवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली, एनसीआर में डीजल जनरेटर से होनेवाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बृहस्पतिवार को नए दिशानिर्देश जारी किए। इसके तहत आयोग ने एक अक्तूबर से डीजल से चलने वाले जनरेटर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, एनसीआर में डीजल जनरेटर से होने वाले वायु प्रदूषण पर व्यापक और प्रभावी रोक के लिए सीएक्यूएम ने सभी मौजूदा आदेशों/दिशानिर्देशों में संशोधन करते हुए औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय, कार्यालय प्रतिष्ठानों आदि सहित सभी क्षेत्रों में डीजी सेटों के विनियमित संचालन के लिए संशोधित अनुसूची को अपनाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही आयोग ने सभी संस्थानों को 30 सितंबर तक डीजल जनरेटरों को दोहरी ईंधन प्रणाली से लैस करने का काम पूरा करने को कहा है। इसमें नाकाम रहने पर पूरे एनसीआर में कहीं भी किसी भी परिस्थिति में यहां तक कि जीआरएपी प्रतिबंधों के तहत नहीं आने वाली अवधि के लिए भी डीजी सेट के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# कार चालक ने चार बाइक सवारों को रौंदा, दो की हुई मौत और दो घायल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के द्वारका में एक अनियंत्रित क्रेटा कार ने चार बाइक सवार लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पीसीआर और लोकल पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताय जा रहा है कि ये हादसा द्वारका स्थित आईपी यूनिवर्सिटी के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, घायलों की पहचान माते (30) और दीक्षा (10) निवासी स्पाइन एन्क्लेव सेक्टर 17 द्वारका के रूप में हुई है। वहीं मृतकों में फूला (30) पत्नी माते और लाखन (37) शामिल हैं। ये सभी एक ही बाइक पर सवार थे। कार चालक को पकड़ लिया गया है।

# एस्कार्ट सर्विस के नाम पर देशभर के 1000 लोगों से ठगी



**ऐंठा**

**● आरोपियों ने होटल बुकिंग, पुलिस सत्यापन, कार सर्विस सहित अन्य शुल्क के नाम पर 1,48,047 रुपये ऐंठ लिए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजस्थान** के डूंगरपुर के गिरोह ने एक साल में देशभर के 1000 लोगों को एस्कॉर्ट सर्विस दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लिए। दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने अशोक पाटीदार (23), दीपक तेली (29), मनीष पाटीदार(19), रौनक सुथार (19) और विनोद पाटीदार (24) को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। अशोक व दीपक अहमदाबाद में एक दुकान पर काम कर चुके हैं, जबकि मनीष स्नातक कर रहा है। विनोद की कोरोना काल के दौरान नौकरी चली गई थी। आरोपी फर्जी आईडी से खुले बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराते थे। मोबाइल नंबर भी आरोपियों ने फर्जी आईडी पर ले रखे थे। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी के अनुसार, बड़ी कंपनी में सलाहकार दक्षिण दिल्ली निवासी शख्स ने साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार वर्मा को 17 अप्रैल को शिकायत दी थी कि उसने एस्कॉर्ट सर्विस के लिए वेबसाइट सर्च की थी। उसने वेबसाइट से मिले एक नंबर पर फोन किया तो आरोपियों ने उसे कुछ लड़कियों की फोटो भेजी। इसके बाद रजिस्ट्रेशन के नाम आरोपियों के ओर से दिए गए बैंक खाते में उसने 500 रुपये जमा करा दिए। आरोपियों ने होटल बुकिंग, पुलिस सत्यापन, कार सर्विस सहित अन्य शुल्क के नाम पर 1,48,047 रुपये ऐंठ लिए। जब शख्स ने एस्कॉर्ट सर्विस लेने से मना कर पैसे वापस मांगे तो आरोपी और पैसे मांगने लगे। बाद में आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। मामला दर्ज कर थाना प्रभारी अरुण कुमार वर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर हंसाराम, एसआई संजय सिंह, हवलदार तरुण राघव व हवलदार संदीप कुमार की टीम ने जांच शुरू की। एसआई संजय सिंह की टीम ने मोबाइल सर्विलांस के साथ पीड़ित की ओर से जिन बैंक खातों में पैसे जमा कराए थे, उनकी डिटेल खंगाली। जांच में पता लगा कि ठगी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला मोबाइल उदयपुर सिटी, डूंगरपुर का है। पेटीएम से जानकारी ली गई। करीब एक महीने की जांच के बाद एसआई संजय सिंह व हवलदार तरुण राघव की टीम ने पांचों आरोपियों को 5 जून को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया।

# बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर दिनदहाड़े डकैती, विरोध पर महिला की हत्या

## पुलिस के अनुसार, दंपती के चारों बेटे शादीशुदा हैं और अलग-अलग जगहों पर रहते हैं, पहले अब्बास का कपड़े का कारोबार था





**लूटपाट**

**● पुलिस बदमाशों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। आए दिन इलाके में बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जाफराबाद** की आंबेडकर बस्ती में बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर डकैती डाली। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला शमीम (70) की गला दबाकर हत्या कर दी, जबकि पति अब्बास (70) पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोरशराबा होने पर किरायेदार जाहिद (22) पहुंचा तो बदमाशों ने उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, दंपती के चारों बेटे शादीशुदा हैं और अलग-अलग जगहों पर रहते हैं। पहले अब्बास का कपड़े का कारोबार था। अब उन्होंने काम बंद कर दिया था। किरायेदार से मिलने वाले पैसे से गुजारा होता था। शमीम पति के साथ भूतल पर रहती थी। ऊपर किरायेदार रहते हैं। दोपहर में पांच-छह बदमाश घर के अंदर घुस गए और चाकू दिखाकर दंपती को बंधकर बना लिया। इसके बाद बदमाश घर में लूटपाट करने लगे। शमीम ने विरोध किया तो बदमाशों ने गला दबा दिया। इसके बाद अब्बास व शमीम को चाकू मारकर बदमाश फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद घायलों को जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने हत्या और डकैती का मामला दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी खंगालकर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। अतिरिक्त जिला पुलिस उपायुक्त संध्या स्वामी ने बताया कि मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस लूटपाट के अलावा रंजिश और संपत्ति विवाद समेत अन्य पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

**दहशत में हैं लोग, पुलिस पर आरोप लगाया:** वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों में पुलिस को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि बदमाश दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस बदमाशों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। आए दिन इलाके में बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

# ओला-उबर की बाइक सर्विस के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 12 जून को सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** दिल्ली में ओला-उबर और रैपिडो जैसी कैब एग्रीगेटर कंपनियों की बाइक सर्विस पर रोक लगाने की मांग वाली दिल्ली सरकार की अर्जी पर 12 जून को सुनवाई करेगा। कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने याचिका की कॉपी सॉलिसीटर जनरल को देने को कहा, ताकि इस मसले पर केंद्र सरकार का रुख भी सामने आ सके। इसके पहले सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया था कि बाइक टैक्स नियमों का उल्लंघन कर बिना किसी लाइसेंस के बाइक का इस्तेमाल कर उनका परिचालन हो रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बाइक सर्विस पर रोक लगाने वाले दिल्ली सरकार के फैसले पर रोक लगा दी थी। दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम में चुनौती दी है। दिल्ली परिवहन विभाग ने उबर, ओला और रैपिडो जैसे राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म को बाइक टैक्सी सेवा बंद करने का निर्देश जारी किया था। हाईकोर्ट ने इसी आदेश पर रोक लगाई है।

# फर्जी वेबसाइट के जरिए डीडीए फ्लैट की बुकिंग के नाम 1000 लोगों को ठगा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डीडीए फ्लैट** की बुकिंग के नाम पर साइबर ठगों ने करीब एक हजार लोगों को मोटी चपत लगाई। यह राशि करोड़ों रुपये में हो सकती है। पुलिस ने गिरोह के मास्टर माइंड समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित से 15 मोबाइल, 13 एटीएम-डेबिट कार्ड, 45 सिम, एक लैपटॉप, चार लाख नकद बरामद किए हैं। गिरोह के सदस्य सरकारी योजनाओं की फर्जी साइट बनाकर लोगों को ठगते थे। पुलिस का कहना है कि डीडीए फ्लैट की बुकिंग के नाम सबसे ज्यादा लोग ठगी का शिकार बने। गत 23 मार्च को एनसीआरपी पोर्टल पर विशाल अग्रवाल नामक व्यक्ति की शिकायत की जांच करते हुए गिरोह तक पहुंची।

**गूगल पर मिला ये लिंक:** विशाल ने बताया कि दो दिन पहले वह गूगल पर डीडीए फ्लैट्स के बारे में सर्च कर रहे थे। ब्राउज करने पर उन्हें डीडीए फ्लैट के नाम से एक लिंक मिला। लिंक बताया गया कि डीडीए फ्लैटों के लिए बुकिंग खुली है।
उसने आवेदन शुल्क के नाम पर 75 हजार और एनओसी के नाम पर 25 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से बताए गए बैंक खाते में जमा करा दिए। उसने अपने व्यक्तिगत दस्तावेज पासपोर्ट आधार कार्ड, पैन कार्ड, पता और अपना मोबाइल नंबर भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए।

**अगले दिन रकम जमा करने को कहा:** अगले दिन यानी 22 मार्च को चार लाख रुपये और जमा कराने को कहा। नहीं जमा कराने पर आवेदन खारिज होने की बात भी कही। इसके बाद उन्हें अहसास हुआ कि मामला गड़बड़ है। विशाल की शिकायत के आधार पर रोहिणी साइबर पुलिस थाने ने जांच आरंभ की।

**गिरोह का ये था ठगी का तरीका:** जिला रोहिणी के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू की और बिहार के जिला शेखपुरा के कुतुब चक गांव में छापा मारा। सोनू नामक युवक पूछताछ की तो उसने खुलासा किया कि वह ठगी करने वालों को अकाउंट, सिम कार्ड मुहैया कराता है और पैसे ट्रांसफर करने में मदद करता है। पुलिस को यह भी बताया कि उसके गांव के 3-4 लोग हैं जो जौनपुर (उत्तर प्रदेश) और मुंबई से खाते और सिम कार्ड प्रदान करते हैं, जिसे वह अन्य गिरोह के लोगों को सौंप देता है। उसने खुलासा किया कि नेट बैंकिंग और एटीएम कार्ड, आधार कार्ड की कापी और खाते से जुड़े सिम कार्ड आदि जानकारी के अलावा प्रयुक्त सिम कार्ड उसने ही उपलब्ध कराया था। पुलिस ने सोनू से खाता विवरण व सिम कार्ड बेचकर कमाए गए एक लाख रुपये के अलावा दो मोबाइल फोन, 45 अप्रयुक्त सिम कार्ड बरामद किए हैं।

**पश्चिमी दिल्ली में बिछाए जाल में यूं फंसा आरोपित:** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर पता चला कि गिरोह में शामिल एक व्यक्ति 23 मई को कोलकाता से दिल्ली आया है और उसने पश्चिमी दिल्ली में स्थित विभिन्न एटीएम बूथों से पैसे निकाले हैं। पश्चिमी दिल्ली में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और संदिग्ध का पता लगाया गया। संदिग्ध को तिलक नगर इलाके के एक पार्क से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने लैपटाप पर काम कर रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा पटेल और बिहार के नालंदा जिले के अहिया पुर गांव का रहने वाला बताया।

बॉक्स

**एक हजार से अधिक को ठगा**
पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजा पटेल के लैपटाप में मिले आंकड़ों के अनुसार, उसने डीडीए फ्लैटों के आवंटन के बहाने 1000 से अधिक व्यक्तियों को ठगा है। दूसरे आरोपित सोनू ने यह कबूल किया है कि उसने साइबर ठगों को 100 से अधिक खाते और सिम कार्ड मुहैया कराए हैं।पुलिस ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 60 से अधिक शिकायतों की जांच में आरोपित की संलिप्तता पाई गई है।

**सरकारी योजनाओं के नाम से बनाते थे फर्जी साइट:** पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजा पटेल के लैपटाप की जांच करने पर 20 से अधिक फर्जी वेबसाइट के डोमेन ट्रेस हुए। 12वीं पास राजा पटेल ने खुलासा किया कि यूट्यूब से वेबसाइट डेवलप करना सीखा। साल 2018 में सोहो साफ्टवेयर साल्यूशन के नाम से साफ्टवेयर कंपनी शुरू की और क्लाइंट्स के लिए वेबसाइट डेवलप करने लगा। उसने देखा कि उनकी बनाई वेबसाइट से करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। इसके बाद उसने साइबर ठगी करने का फैसला किया। गत फरवरी में उसने देखा कि 200-250 से लोग हर रोज डीडीए फ्लैट्स को गूगल पर खोज रहे हैं। वहां से उसे डीडीए की फर्जी वेबसाइट बनाकर पैसे कमाने का आइडिया आया।

## न्यूज फ्लैश

### वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे: ब्रेन ट्यूमर का कारण एवं उसका इलाज

**रोहतक** : पिछले कुछ सालों में ब्रेन ट्यूमर भारतीयों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले 10 ट्यूमर्स में से एक बन गया है। नेशनल लाईब्रेरी ऑफ साईस के मुताबिक, भारत में हर 100,000 की आबादी में 10 लोग ब्रेन ट्यूमर का शिकार हैं। इनमें से 2 प्रतिशत ट्यूमर घातक प्रकृति के होते हैं।डॉ. अनुराग सक्सेना, एचओडी एवं कंसल्टैंट न्यूरोसर्जन, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका ने कहा, ह्यह्यब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में होने वाली कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि है। उनमें कैंसर होने पर उन्हें घातक कहा जाता है, और जब कैंसर न हो तो ये ट्यूमर सौम्य कहे जाते हैं। ब्रेन ट्यूमर होने से व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर पड़ सकता है। इसकी वजह से न्यूरोलॉजिकल विकार जैसे सिरदर्द, दौरा पड़ना, और याददाश्त एवं ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। इसकी वजह से संज्ञानात्मक क्षति हो सकती है, और शरीर में भावनात्मक तनाव, जैसे चिंता, अवसाद और डर बढ़ सकते हैं।

**मस्तिष्क में ट्यूमर निम्न कारणों से हो सकता है: –** पर्यावरण के कारण: कैमिकल्स, कीटनाशकों के लंबे संपर्क में रहने पर ट्यूमर हो सकता है। परिवार में इतिहास: परिवार में किसी भी तरह के कैंसर का इतिहास होने पर वंशजों में भी ट्यूमर का जोखिम बढ़ जाता है।–धूम्रपान: धूम्रपान से मेनिंजियोमस एवं अन्य तरह के ट्यूमर का जोखिम बढ़ जाता है।–उम्र: ब्रेन ट्यूमर व्यक्ति में किसी भी उम्र में हो सकते हैं, लेकिव वृद्धों को इनका जोखिम ज्यादा होता है। रेडियेशन: अपने व्यवसाय या मेडिकल इलाज की वजह से रेडियेशन के संपर्क में रहने पर ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ जाता है।शरीर में ट्यूमर को बढ़ने से अपने आप नहीं रोका जा सकता है। यदि किसी को ट्यूमर का कोई भी लक्षण महसूस हो रहा हो, तो उसे फौरन डॉक्टर से संपर्क कर न्यूरोलॉजिकल जाँच, सीटी स्कैन और एमआरआई द्वारा अपना उचित निदान कराना चाहिए। ब्रेन ट्यूमर का इलाज निम्नलिखित विधियों से किया जा सकता है:–सर्जरी: सर्जरी करने से पहले डॉक्टर देखते हैं कि क्या ट्यूमर बढ़ता जा रहा है। यदि यह बड़ा हो रहा है और शरीर में दिक्कतें पैदा कर रहा है, तो सर्जरी करके उसे निकाल दिया जाता है।–रेडियोसर्जरी: स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी (एसआरएस) द्वारा मस्तिष्क के उन सौम्य ट्यूमर्स की रेडियेशन थेरेपी की जा सकती है, जिन्हें सर्जरी करके निकालना आसान नहीं होता है। –दवाईयाँ एवं सपोर्टिव केयर: ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों में सुधार के लिए मरीजों को दवाईयाँ दी जाती हैं, और सर्जरी के बाद मरीज को सपोर्टिव केयर प्रदान की जाती है।

### आईकूडू ने बड्स वन और बड्स जैड भारत में किये लॉन्च

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड आईकूडू ने भारतीय बाजार में अपने दो प्रोडक्ट आईकूडू बड्स वन और बड्स जैड हाल ही में लॉन्च कर दिए हैं। डेनिश कंपनी विफा साउंड के साथ साझेदारी करके कंपनी ने भारतीय बाजार में कदम रख दिया है। कंपनी का लक्ष्य भारत में उपभोक्ताओं को बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान करने के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। प्रोडक्ट्स लॉन्च पर अपने भाव व्यक्त करते हुए आईकूडू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवनीत सिंह ने कहा, डिजिटल मीडिया और स्ट्रीमिंग सेवाओं के उदय के साथ, ऑडियो उत्पादों की मांग बढ़ी है, दुनिया भर में युवा और चलते–फिरते संगीत स्ट्रीमिंग और मनोरंजन के लिए ऑडियो उपकरणों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं। हमारे उत्पाद न केवल असाधारण ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करेंगे बल्कि सुविधा और बेहतर अनुभव भी प्रदान करेंगे। इसी उद्देश्य के साथ हमने डेनिश कंपनी विफा साउंड जो साउंड क्वालिटी के लिए विश्व प्रसिद्ध है उनसे हाथ मिलाया है। हमें पूरा भरोसा है विफा साउंड की विरासत और उनका 90 सालों का शानदार अनुभव हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। आईकूडू बड्स वन – में टू वायरलेस स्टीरियो सेगमेंट में विंड नॉइज रिडक्शन, 50 डीबी एएनसी, जैसी हाई–टेक सुविधाएं है। ब्लूटूथ 5 .2 कनेक्टिविटी, एआई ईएनसी फिल्टर, वायरलेस चार्जिंग के साथ 27 घंटे चलने वाली बैटरी लाइफ और असाधारण कॉल गुणवत्ता के लिए 3 माइक्रोफोन मौजूद हैं।

### रिलायंस निप्पॉन लाइफ के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों को 344 करोड़ रुपये का बोनस मिला

**नई दिल्ली।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने वित्त–वर्ष 2023 में अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिये कुल 344 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त–वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया और कर पश्चात लाभ के रूप में 108 करोड़ रुपये दिये (वित्त–वर्ष 2022 की तुलना में 65% की वृद्धि)। इस घोषणा के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रिवर्सनरी बोनस वाली के साथ सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज को घोषित बोनस दिया गया है। यह रिवर्सनरी बोनस वाली पॉलिसीज के लिये मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटीड फायदे बढ़ाएगा। यह बोनस वित्त–वर्ष 2023 के लिये कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों द्वारा अर्जित लाभ में से दिया जा रहा है। इस बोनस के जारी होने से रिलायंस निप्पॉन लाइफ के 5,69,000 से ज्यादा पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों को फायदा होगा। कंपनी पिछले 22 वर्षों से नियमित आधार पर बोनस की घोषणा कर रही है।

# नाम मथुरा जी का पेडा, माल राजस्थान का

## मथुरा के पेडा में पकड़ी मिलावट, 7000 किलो कराया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**नाम मथुरा** जी का पेडा, माल राजस्थान का। आस्था की चासनी में पिलटे इस पेडा की बिक्री बम्पर है। ब्रज में आते हैं तो श्रद्धालु अपने साथ पेडा का डिब्बा ले जाना नहीं भूलते। पेडा को प्रसाद माना कर खेरीदारी कारने वाले श्रद्धालु मोलभाव और पूछताछ भी ज्यादा नहीं करते हैं। इसी का लाभ यहां के दुकानदार उठा रहे हैं। खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावट मिलने पर ऐसे 700 किलो पेडा को वृंदावन में नष्ट कराया। सहायक आयुक्त डॉ. गौरी शंकर के मुताबिक जिलाधिकारी द्वारा



दिए गए आदेश के क्रम में रात्रि आठ बजे वृंदावन क्षेत्र में दर्जनों मिठाई की दुकानों तथा गोदामों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पांच सैंपल मिलावटी पेड़ा तथा अन्य मिठाई के नमूने संग्रहित किए गए साथ ही लगभग 700 किलोग्राम दूषित मिलावटी पेड़ा एवं मिल्क केक को मौके पर नष्ट कराया गया।

> मिलावट खोरी के विरुद्ध अभियान अनवरत रूप से चलता रहेगा यदि खाद्य कारोबारियों द्वारा मथुरा की प्रसिद्ध मिठाई पेड़ा जिसे श्रद्धालु प्रसाद के रूप में खरीदते हैं में मिलावट की गई तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।: **डॉ. गौरीशंकर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा**

डा. गौरीशंकर के मुताबिक इस पेड़ा को बनाने का मटेरियल राजस्थान के धौलपुर से वृंदावन एवं गोवर्धन क्षेत्र में मंगाया जाता है जिसके बाद मिठाई विक्रेता उसे पेड़े के रूप में विक्रय करते हैं। सभी विक्रेताओं को हिदायत दी गई है यदि उनके द्वारा मिलावट तथा दूषित मिठाई व पेड़ा का विक्रय किया जाएगा तो उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे साथ ही उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई को देखकर काफी दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए। सभी संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कार्यवाही के समय टीम में एसएस निरंजन, देवराज सिंह, अरुण कुमार, दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ताराचंद खाद्य सहायक उपस्थित रहे।

## आय संबंधी त्रुटियों को ठीक करने के लिए भी हेल्प डेस्क लगाया जाएगा

**टीम एक्शन इंयिा/सोनीपत**

**प्रदेश** सरकार के निर्देशानुसार जिला के 06 गांवों में माह जून व जुलाई 2023 में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त ललित सिवाच द्वारा 16 जून को ब्लॉक मुरथल के गांव हसनपुर में, 23 जून को ब्लॉक गन्नौर के गांव आहुलाना में, 30 जून को ब्लॉक सोनीपत के गांव जाहरी में, 7 जुलाई को ब्लॉक गोहाना के गांव आवंली में, 14 जुलाई को ब्लॉक राई के गांव नाहरी में तथा 21 जुलाई को ब्लॉक कथूरा के गांव आहुलाना में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनेंगे और उनका निपटारा भी करेंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार जन संवाद पर आधारित हरियाणा उदय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं को जमीनी स्तर पर सुलझाना है। ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकारी योजना की सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए मौके पर संबंधित विभागों से संबंधित जन सेवाओं को पहुंचाने के लिए सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजना की आईईसी गतिविधियों को आम जनता को जागरूक करने के लिए किया जाएगा।

## कार ने ई रिक्शा समेत राहगीरों में मारी टक्कर



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**वृंदावन मार्ग** पर तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा समेत पैदल चल रहे लोगों में टक्कर मार दी। राहगीरों ने रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल के समीप गाड़ी चालक को पकड़कर पुलिस हिरासत में दे दिया है। गाड़ी चालक के साथ मौजूद नशे में धुत महिला ने कोतवाली ले जाते समय सड़क पर जमकर हंगामा काटा है। बताया जाता है, कि गुरुवार की देर रात अटल्ला चुंगी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जयपुर मंदिर के समीप एक ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इतना ही उसके बाद तेजी से आगे बढ़ी गाड़ी ने सड़क पर चलते दो अन्य लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इसी बीच राहगीरों ने गाड़ी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस जब गाड़ी चालक को कोतवाली ले जा रही थी। तभी गाड़ी सवार महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया।

## युवक पर धागा काटने वाले कटर से हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत: गांव** कुराड़ में शराब ठेके के बाहर युवक पर धागा काटने वाले कटर से हमला करने के दो आरोपियों को थाना सनौली पुलिस ने बीती देर साय कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार किया।

आरोपियों की पहचान प्रवीन पुत्र पालेराम व अमित पुत्र सेवाराम निवासी कुराड़ के रूप में हुई। थाना सनौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि थाना सनौली में गांव कुराड़ निवासी अशोक पुत्र टेकचंद ने शिकायत देकर बताया था की उसने अपनी दुकान शराब ठेके लिए किराये पर दी हुई है। 7 जून बुधवार की देर साय करीब 10:30 बजे वह घर पर था। शराब ठेके पर सेल्समैन आशु पुत्र रामबन निवासी नैनी इलाहबाद यूपी के साथ शराब को लेकर कहासूनी हो रही थी।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के अहमदाबाद अधिवेशन में हजारों की संख्या में हरियाणा से पहुंचेंगे लोग: डॉ नवीन

### अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रतिनिधि डॉ. नवीन नैन भालसी ने पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

**अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद प्रतिनिधि हरियाणा डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि अबकी बार अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का 10वां राष्ट्रीय जाट अधिवेशन गुजरात के अहमदाबाद में 18 जून को होने जा रहा है। पूरे हरियाणा से हजारों की संख्या में जाट समाज के गणमान्य व्यक्ति अहमदाबाद अधिवेशन में भाग लेंगे। अधिवेशन में शामिल होने के लिये प्रदेश के हर जिला में जाकर समाज के



लोगों को न्योता दिया जा रहा है। डॉ नवीन नैन भालसी शुक्रवार को सेक्टर 13-17 स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अबकी बार यह अधिवेशन अहमदाबाद में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, कर्नाटक व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से भी भारी संख्या में समाज के लोग शामिल होने के लिये आ रहे है।

# 58 नव नियुक्त एएनएम को मिले नियुक्ति पत्र, नियुक्ति पत्र समारोह हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**58 नव** नियुक्त एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने चयनित एएनएम से कहा कि आपका जो कार्य है, सीधे जनता के इमोशन से है। अपने कार्यों का निर्वहन गंभीरता एवं निष्ठा के साथ करें। ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक मरीज की देखभाल करना आप लोगों का कर्तव्य है। अपने व्यवहार में शालीनता रखें। ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दें, जिससे ग्रामावासी आप लोगों की तारीफ करें। श्री खरे ने नव नियुक्त एएनएम से कहा कि आप लोगों



के पास इलाज के लिए गरीब एवं बेसहारा लोग आते हैं। ईश्वर ने हम लोगों को इस काबिल बनाया है कि हम सब लोग मिलकर ऐसे गरीब, लाचार, बेसहारा, अनाथ लोगों की सेवा करें और जनपद को स्वास्थ्य सेवाओं में नम्बर वन लाने में अपना दायित्व निभायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया है कि प्रत्येक विकास खण्ड में पांच पांच एएनएम की नियुक्ति की जाएगी, दो एएनएम को कोसी तथा छह शेष एएनएम को आवश्यकतानुसार नौहझील, छाता व बरसाना में नियुक्त की जायेंगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी पुलकित खरे ने अलंकार योजना की समीक्षा बैठक ली। प्रदेश सरकार ने राजकीय विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजना शुरू किया। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रोजेक्ट के तहत सुधार के लिए जनपद के 36 राजकीय विद्यालयों का चयन किया गया है। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि शासन ने 15 जून 2023 तक प्रस्ताव मांगे हैं, जिसके संबंध में 36 राजकीय विद्यालयों के सुधार हेतु सूची तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि समिति के माध्यम से प्रस्ताव बनवा लें और मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए दिनांक 12 जून तक प्रस्तुत करने की कार्ययोजना तैयार करें। विधायक मांट राजेश चैधरी, बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री अभीक बरुआ ने आरबीआई की मौद्रिक नीति पर टिप्पणी की

▶▶ 2023 में किसी भी दर में कटौती की उम्मीदें जो बाजार में बनाई जा रही थीं, उन्हें अभी के लिए आगे बढ़ाए जाने की संभावना है

**हिसार:** केंद्रीय बैंक ने आज नीति दर और रुख दोनों को अपरिवर्तित रखते हुए यथास्थिति नीति पेश की। आरबीआई ने वृद्धि को लेकर उत्साहित रहना जारी रखा, अपने Q1 विकास पूवार्नुमान को 8% तक संशोधित किया, जबकि अपने वार्षिक पूवार्नुमान को 6.5% पर बनाए रखा - जो कि 6-6.2% के हमारे अनुमान से अधिक है। मुद्रास्फीति पर केंद्रीय बैंक ने भविष्य के प्रक्षेपवक्र पर सतर्क रहते हुए मुद्रास्फीति के दबावों में निकट अवधि में कमी को स्वीकार किया। केंद्रीय बैंक ने अपने मुद्रास्फीति के पूवार्नुमान को मामूली रूप से घटाकर 5.1% कर दिया और ऐसा लगता है कि मानसून के मौसम के दौरान मौसम संबंधी गड़बड़ी के कारण किसी भी खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के लिए बफर में निर्माण किया जा रहा है। यदि वास्तव में ये जोखिम समाप्त नहीं होते हैं, तो मुद्रास्फीति आरबीआई के अनुमानों की तुलना में कम हो सकती है, जिससे बाद के संचार और अधिक कठोर हो जाएंगे। आज का नीतिगत निर्णय बांड बाजार में सुई को स्थानांतरित करने के लिए बहुत कम करता है क्योंकि यह मोटे तौर पर उम्मीदों के अनुरूप था। 2023 में किसी भी दर में कटौती की उम्मीदें जो बाजार में बनाई जा रही थीं, उन्हें अभी के लिए आगे बढ़ाए जाने की संभावना है।

## जीएसटी लाईसेंस निरस्त होने का डर ईमानदार ईकॉमर्स व्यवसाय मालिकों को नुकसान पहुँचा रहा है: फर्स्ट

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**फर्स्ट** इंडिया ने एक कंसल्टेटिव राउंडटेबल का आयोजन किया, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, आदि के प्रतिनिधियों को मौजूदा जीएसटी अभियान पर विचार-विमर्श करने के लिए आमंत्रित किया गया। हरियाणा हाल ही में कई छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए औद्योगिक केंद्र बन गया है। लेकिन फर्जी चालान प्रक्रिया को खत्म करने के लिए चलाए गए दो महीने के अभियान से छोटे और माईक्रोउद्यमियों को नुकसान पहुँच रहा है, जो अपना व्यवसाय चलाने के लिए वर्चुअल ऑफिस का उपयोग करते हैं।इस छापेमारी ने स्मॉल और माईक्रो उद्यमियों के जीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। ईमानदार उद्यमी, जिन्होंने सालों तक कड़ी मेहनत करके अपना व्यवसाय खड़ा किया, वो आज अनिश्चितता और वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं।

# मुड़िया मेला से पहले व्यवस्था की जा रहीं दुरुस्त

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**एडीएम** प्रशासन ने मुड़िया मेला की तैयारियों को लेकर गिरिराज परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। जल निगम, पीडब्ल्यूडी, नगर पंचायत आदि विभागों को समय रहते व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गोवर्धन पहुंचे। संबंधित अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत एडीएम ने संबंधित अधिकारियों के साथ गिरिराज परिक्रमा मार्ग



का निरीक्षण किया। कच्चे परिक्रमा मार्ग पर मिट्टी डालने में तेजी लाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के जेई राहुल शर्मा को दिए। जल निगम के अधिकारियों को नाला निर्माण और सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में सीओ राम मोहन शर्मा, इंस्पेक्टर ओम हरि वाजपेई, अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा, एक्स ई एन वीरेंद्र कुमार, उपखंड अधिकारी शुभम अग्रवाल, सहायक चिकित्सा अधिकारी सचिन शर्मा, जेई राहुल शर्मा, डीएफओ, एआरएम मदन मोहन शर्मा आदि उपस्थित थे। टूटी पड़ी नालियां, परिक्रमा मार्ग पर बह रहा गंदा पानी

आन्यौर गिरिराज परिक्रमा मार्ग में नालियां टूटी पड़ी हैं। नालियों का गंदा पानी परिक्रमा मार्ग पर बह रहा है। गिरवर निकुंज के सामने गंदे पानी से उठती दुर्गंध से श्रद्धालु परेशान हैं। इस नगर पंचायत कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं है।

# 'पानीपत शुगर मिल ने कुल गन्ने की है 95 प्रतिशत पेमेंट'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**शुगर मिल** के एमडी नवदीप सिंह नैन ने बताया कि पानीपत मिल में 2022-23 के सीजन में 65.51 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई की गई है। इसमें करीब 4 लाख क्विंटल रोहतक, सोनीपत व गोहाना के शुगर मिलों के सरपल्स गन्ने की पिराई भी शामिल है। शुगर मिल द्वारा पानीपत जिला के किसानों के कुल गन्ना पिराई में से करीब 95 प्रतिशत पेमेंट कर दी गई और जिला के किसानों की 13 अप्रैल तक की पेमेंट क्लीयर हो चुकी है। पानीपत मिल में इस सीजन में चीनी की रिकवरी भी 9.59 प्रतिशत रही जोकि पिछले वर्ष के मुकाबले कही ज्यादा है।



उन्होंने बताया कि पानीपत जिला में इस बार 25106 एकड़ में गन्ने की बिजाई की गई थी और अगले सीजन में जिला में गन्ने का रकबा बढे की उम्मीद है। गन्ना विभाग की कई टीमों द्वारा जिलाभर में गन्ने के एरिया का सर्वे किया जा रहा है जोकि करीब 22 जून तक पूरा हो जाएगा और उसके बाद पता चलेगा कि गन्ने का इस बार कुल कितना एरिया है। नवदीप सिंह नैन शुक्रवार को पुराने शुगर मिल स्थित अपने कार्यालय में रिलीव होने से पहले समीक्षा बैठक में मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। बता दे कि शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन का तबादला हो गया है और विदाई पार्टी से पहले उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सीएओ जतिंद्र कुमार, चीफ कैमिस्ट बीएस हुड्डा, डिप्टी चीफ कैमिस्ट अमरीश, कार्यालय अधीक्षक प्रवीन देशवाल, डिप्टी चीफ इंजीनियर रवि मान, एलडब्ल्यूओ संजीव शर्मा, गन्ना प्रबंधक कर्मबीर बडौली व विजय राठी पीए सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं गन्ना किसान रामकिशन बिहौली, दीपक त्यागी हथवाला, रणबीर देशवाल कुराड़, जगत सिंह मच्छरौली,सुरेश मच्छरौली व रणबीर बिंझौल आदि ने विदाई समारोह में शामिल होकर कहा कि पानीपत के गांव डाहर में बने नये शुगर मिल को चालू करवाने में एमडी नवदीप सिंह नैन का अहम योगदान रहा है और इसके लिये जिला के गन्ना किसान उनका आभार व्यक्त करते है।

# पहलवानों के पक्ष में सात दिन चलेगा हस्ताक्षर अभियान

▶▶ कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर बृजभूषण को जेल भेजने व बेटियों को न्याय दिलाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**मथुरा** महानगर विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने मथुरा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश आनंद पापे, किसान नेता पवन चतुर्वेदी, मथुरा महानगर विकास समिति की उपाध्यक्ष रूपा लवानिया के नेतृत्व में मथुरा महानगर के कोतवाली रोड पर कोतवाली के सामने कुश्ती संघ



के अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। पहलवानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर बृजभूषण को जेल भेजने व बेटियों को न्याय दिलाने की मांग की। मथुरा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश आनंद पापे, किसान नेता पवन चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष रूपा लवानिया ने संयुक्त रूप से केंद्र सरकार से मांग की कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण को शीघ्र जेल भेजा जाए। देश की बेटियों को न्याय दिया जाए।

# क्षेत्र में चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान: शर्मा







**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड-18 जहांगीर पुरी में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने क्षेत्र का दौरा भी किया और लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं और जनता की जो भी समस्याएं है उसका समाधान किया जा रहा है। पार्षद ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी का उचित समाधान किया जायेगा।

## दयानंद वत्स ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में सामाजिक क्रांति के पुरोधा पुरुष, महान समाज सेवी भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि अपनी नेतृत्व क्षमता, असाधारण शौर्य के बल पर अन्याय, अत्याचार और अंग्रेजों के दमन का बिरसा मुंडा ने अपने तीरों से बदला लिया और एक नई सामाजिक क्रांति का उद्घोष किया।
दयानंद वत्स ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से आग्रह किया है कि भावी युवा पीढी को बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र से परिचित कराने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत कराएं।

## मुठभेड के बाद दो बदमाशों को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की अपराध शाखा व दो बदमाशों के बीच सुबह-सुबह मुठभेड़ हुई। जिसमें अपराध शाखा की टीम ने दो बदमाशों को धर दबोचा। आरोपितों के कब्जे तीन जिंदा कारतूस के साथ ब्राजील पिस्टल, एक मोटरसाइकिल, तीन खाली कारतूस और एक जीगाना तुर्की मेड पिस्टल बरामद की है। इन आरोपितों की पहचान राजस्थान निवासी पंकज उर्फ बाबा (20) के रूप में हुई है। जबकि एक अन्य आरोपित नाबालिग है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की टीम ने शुक्रवार सुबह एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर डीसीपी अपराध शाखा अंकित सिंह एसीपी उमेश भरथवाल, इंस्पेक्टर रामपाल की देखरेख में टीम का गठन किया गया। टीम मुखबिर के साथ सफदरजंग एन्क्लेव क्षेत्र में आरके स्टेडियम, जिला पार्क के पास पहुंची और जिला पार्क गेट के पास एक ट्रैप लगाया। इस दौरान करीब रात दो बजे जिला पार्क के सामने मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आए, जिसके बाद पुलिस ने अपना परिचय पत्र दिखाकर उन्हें सरेंडर करने को कहा। इस पर आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। घटना में इंस्पेक्टर रामपाल और एएसआई नरेंद्र की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी, जिससे उनकी जान बच गई। इसके बाद इंस्पेक्टर रामपाल और एएसआई नरेंद्र ने जवाबी कार्रवाई की।

## दरियागंज में 'एक पौधा देश के नाम' कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के दरियागंज में सर्वोदय कन्या विद्यालय, प्रतिष्ठा युवा संगठन एवं नेहरू युवा केंद्र मध्य दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 'एक पौधा देश के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान' और एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्प के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में सारिका चौधरी, निगम पार्षद दरियागंज, डॉ. राजेश्वरी कापरी डीडीई जोन 27, श्वेता सचदेवा विद्यालय प्रमुख, शिवेन्दर सिंह अतिरिक्त प्रभार जिला युवा अधिकारी मध्य दिल्ली, मोहित कुमार संस्थापक प्रतिष्ठा युवा संगठन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी को पौधे के रूप में तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया तथा अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मोहित कुमार ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान हेतु बच्चों द्वारा बनाये गए सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। जिससे अन्य लोगो को भी जागरूक किया जा सकें, राजेश्वरी कापरी ने सभी को बधाई देते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान के लिए एक जुट होकर कार्य करने का आह्वाहन किया।



## नौकरी दिलवाने का झांसा देकर करता था ठगी, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्टेट** बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक ठग को रोहिणी साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन और बैंक खाते की चेक बुक बरामद की है।
पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 24 अप्रैल को साइबर थाना पुलिस को बदल सिंह नामक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक विधायक के पास काम करता है। उसके सचिव के पास एक फोन आया था। कॉलर ने खुद को एसबीआई से बताया था। उसने बताया कि ब्रांच में कुछ नौकरियां खाली हैं। सचिव ने कॉलर को उसका फोन नंबर दे दिया। उसके पास अंजान नंबर से फोन आया। उसे भी अपने बेटे और बेटी के लिये नौकरी की तलाश थी। कॉलर ने उसको मामले की जानकारी देकर नौकरी के लिए दस्तावेज मांगे। कॉलर ने कई चीजों के नाम पर पचास हजार रुपये जमा करवा लिये। कॉलर ने उसे आश्वासन भी दिया कि दो-तीन दिन में ज्वाइनिंग लेटर मिल जाएगा। लेकिन, उन्हें कोई ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला और फोन करने वाले का नंबर स्विच ऑफ मिला।



भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल मौजूद रहे।

## सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए: विशाल कपाही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जा सके। उक्त बातें विशाल कपाही ने कही। नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को गरीब व असहायों और जरूरतमंदों की अवश्य ही मदद करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है।





केंद्र की तानाशाही के खिलाफ होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर वजीरपुर वार्ड में लोगों को जागरूक करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लागू की कई जन कल्याणकारी योजनाएं: यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
उक्त बातें भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर यादव ने कही। श्री यादव ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू है, जिससे जुड़कर सभी वर्ग के लोग काफी खुश है। योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री यादव ने बताया कि पीएम मोदी जी ने प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन इन्द्रधनुष, उड़ान स्कीम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित कई योजनाएं लागू की है। जिससे सभी जुड़ रहे है। भाजपा की नीतियों के बारे में बोलते हुए श्री यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। जिससे बहुताय की संख्या में लोग भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में तनिक भी फर्क नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भारतीय जनता पार्टी का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।




## खानपान शैली को बदल कर मधुमेह के मरीज हो सकते हैं स्वस्थ: डॉ. बहल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डा. राजीव बहल ने बताया कि खानपान और जीवन शैली में बदलाव लाकर करीब 60 फीसदी मधुमेह के मरीज स्वस्थ हो सकते हैं। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि मधुमेह के मरीजों को लेकर देश में एक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि डायबिटिक और प्री डायबिटिक के मामले भारत में बढ़े हैं। अध्ययन में इसके कारण को समझने, इसकी रोकथाम और समाज में जीवन शैली में आवश्यक बदलाव लाने पर ध्यान दिया गया है ताकि मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों का बोझ कम हो सकें। मधुमेह के कारण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और अन्य के उच्च जोखिम भी होते हैं। इसके लिए लोगों को एक ऐसी जीवन शैली अपनाने की जरुरत है, जिसमें स्वस्थ आहार और अधिक शारीरिक गतिविधियां शामिल हों। आईसीएमआर द्वारा 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में किए गए राष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया कि देश में 10 करोड़ लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं। इसके साथ 25 करोड़ से ज्यादा मोटापे का शिकार हैं। अध्ययन में पाया गया कि देश की 11.4 फीसदी आबादी मधुमेह से पीड़ित हैं।

## रामलीला मैदान में होने वाली 'महारैली' की तैयारियों का गोपाल राय ने लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के रामलीला मैदान में रविवार (11 जून) को होने वाली आम आदमी पार्टी की महारैली की तैयारियां अंतिम दौर में है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने रामलीला मैदान पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ होने जा रही महारैली की शुरूआत सुबह 10 बजे होगी। इसमें पूरी दिल्ली से बड़ी तादात में लोग शामिल होंगे और केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे। महारैली को "आप" के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम सरदार भगवंत मान के अलावा दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री व "आप" के अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए गोपाल राय ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली के लिए ब्लैक अध्यादेश लेकर आई है। इससे पहले दिल्ली के इतिहास में कभी भी इस तरह का काला अध्यादेश नहीं आया। जो लोग ब्लैक अध्यादेश लेकर आए हैं, उनको तो सब काला-काला ही दिखेगा, लेकिन दिल्ली के लोगों को यह दिख रहा है कि पिछले 8 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत सभी क्षेत्रों जो काम अरविंद केजरीवाल की सरकार ने किया है, ऐसा काम आज तक कोई सरकार नहीं कर पाई। इसलिए दिल्ली की जनता को सब व्हाइट-व्हाइट दिख रहा है।





भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के नवीन कार्यालय के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी व अन्य।

## भाजपा के कार्यों से काफी खुश हैं देश के लोग: जितेन्द्र ढ़ीका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उक्त बातें भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कही।
उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन चाहती है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार को विकास पर ध्यान देना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में जितेन्द्र ढ़ीका ने कहा कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।





कपड़े के थैले बाटते हुए निगम पार्षद मीनू गोयल साथ में भाजपा नेता मुकेश गांधी व अन्य

# 'भारत 2027 में तीसरी आर्थिक ताकत का देश बनेगा'

## अमृत काल में देश को विकसित दुनिया का सर्वश्रेष्ठ भारत बनाना है : मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव**
भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत 2027 में दुनिया में सबसे बड़ी तीसरी आर्थिक ताकत का देश बनेगा। वहीं हरियाणा के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अमृत काल में देश को विकसित दुनिया का सर्वश्रेष्ठ भारत बनाना है। दिव्यांगजन शिक्षा और खेलों सहित किसी भी क्षेत्र में आज समाज में पीछे नहीं है। देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हाथों में होने से भारत की सीमाएं, खजाना और नागरिक सुरक्षित हैं। देश में दिव्यांगजनो के लिए पिछले 9 वर्षों में 13000 कैम्प लगाकर 12000 करोड़ रुपये की धनराशि के कृत्रिम अंग फ्री में देने का काम किया है। जहां देश की अन्तिम पंक्ति के अन्तिम छोर के व्यक्ति को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जाता है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आज शुक्रवार को सेक्टर-8 के सर्वोदय अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हाल में सरकार के 9 साल की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण दिव्यांगजनो लाभार्थी सम्मेलन जो कि भारत सरकार की एडीआईपी योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड



साइकिल वितरण समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष में चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत दिव्यांगजनो के लिए मोटराइज्ड व्हीलचेयर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भारत सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण तहत दिव्यांगजन लाभार्थी सम्मेलन में आज दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडीआइपी योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड साइकिल वितरण समारोह को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए बताया कि जन्मजात से गूंगे और बहरे बच्चो का कोलकलीर इंपाल्टमेंट का इलाज भारत सरकार की स्कीम एडीआईपी के अंतर्गत सर्वोदय अस्पताल में मुफ्त किया जाता है। जहां इस इलाज को अगर प्राइवेट अस्पताल में कराते हैं तो इसका खर्चा 10 से 25 लाख रुपये की धनराशि का खर्चा आता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन शिक्षा और खेलों सहित किसी भी क्षेत्र में आज समाज में पीछे नहीं है। आईएएस की परीक्षाओं में दिव्यांगजन युवा प्रथम स्थान पर आ रहे हैं। वहीं पैरा ओलम्पिक खेलों में गोल्ड मेडल जीत कर देश के नाम का विश्व में परचम लहरा रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में दिव्यांगजनो और गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं चल रही है। जिसका फायदा दिव्यांगजनो मिल रहा हैं। देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का धन्यवाद जताया कि आज देश की सरकार ने दिव्यांगजनो का ख्याल रखा है। ताकि वे अपने पैरो पर खड़े होकर कार्य कर सके और अपना जीवन जी सके। सर्वोदय अस्पताल में डॉक्टर रवि भाटिया द्वारा अभी तक इस स्कीम के तहत करीब 250 ऑपरेशन कर चुके है और बच्चे सुन और बोल सकते हैं। यह ऑपरेशन 5 साल की उम्र तक के बच्चों का भारत सरकार द्वारा हरियाणा का सबसे बड़ा गूंगे और बहरे का मुफ्त में इलाज कराने वाला हरियाणा का सर्वोदय अस्पताल आज सबसे बड़ा सेंटर है। सर्वोदय अस्पताल की निदेशक डॉक्टर अंशुल गुप्ता ने आए हुए सभी महानुभावों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। दिव्यांगजनो को 20 मोटराइज्ड साइकिल और 10 व्हीलचेयर भेंट की गई। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और समाज सेवी दिव्यांग मैडम मधु को सम्मानित किया गया। डॉक्टर रवि भाटिया, अनूप गर्ग सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 व 11 जून को प्रॉपर्टी आईडी में डाटा के सुधार हेतु नगर निगम द्वारा कैम्पों का आयोजन

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** निगमायुक्त जितेंद्र दहिया ने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम के क्षेत्र में सभी सम्पत्तिकर धारकों का सम्पत्ति विवरण सर्वे उपरान्त निदेशालय द्वारा ३३स्र२ ://४ँ१८ल्लू.ङ्क१/ पोर्टल पर अपलोड है जिसके लिए एसेसमेन्ट नोटिस सर्वे कम्पनी द्वारा वितरित किए जा चुके हैं। निगमायुक्त जितेंद्र दहिया ने सम्पत्ति धारकों से अपील की है कि दिनांक 10 व 11 जून, 2023 (दिन शनिवार व रविवार) को निगम के प्रत्येक जोन द्वारा कैम्प लगाए जा रहे हैं। नगर निगम फरीदाबाद के एन०आई०टी जोन-1 द्वारा उपरोक्त दोनों दिन उनके कार्यालय में ही कैम्प का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त एन०आई०टी जोन-2 में दिनांक 10.06.2023 बारात घर एन.एच-5, स्पोर्ट्स काम्पलैक्स, एन.एच.-3 म्युनिसिपल ऑडिटोरियम कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-49, ओमेक्स क्लब/ ओमेक्स टावर, कम्यूनीटि सेन्टर, सेक्टर-21 सी, आर. पी. एस. एसोसिएट ग्रीन वैली मार्ग, गवर्नमेंट स्कूल, लक्कड़पुर व दिनांक 11.06.2023 को नगर निगम मुख्यालय में जोन-2 के कार्यालय में कैंप लगाया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि एन.आई.टी. जोन तृतीय द्वारा भी उन्हीं के कार्यालय हितकारी चौक, सारन चौकी के सामने कैंप लगाया जा रहा है।

### विधायक ने व्यापारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री की जनसभा में पहुंचने का दिया न्यौता

**गन्नौर ।** विधायक निर्मल चौधरी ने शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित गन्नौर व्यापार मंडल अध्यक्ष शेखरचंद जैन के कार्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विधायक ने व्यापारियों को 11 जून को भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट होनी वाली मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा के बारे में जानकारी दी। विधायक चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 11 जून को भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट में होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन करने पहुंच रहे हैं। विकास कार्यों का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल मार्केट में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए मार्केट के शुरू होने के बाद प्रदेश के साथ-साथ गन्नौर क्षेत्र को मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। ।इस दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गन्नौर में विकास अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं। गन्नौर में मंडी के निर्माण से गन्नौर के व्यापारियों को भी सीधे तौर पर फायदा होगा। गन्नौर में 100 बेड का उपमंडल अस्पताल जल्द बनने जा रहा है, इसके साथ ही जीटी रोड पर बड़ी के निकट 500 बेड का ट्रामा सेंटर भी बनने जा रहा है। गन्नौर में सरकारी कालेज खोलने की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी होने जा रही है। उन्होंने व्यापारी वर्ग से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुच कर उनका आभार व्यक्त करने की अपील की। इस मौके पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, भूषण हसीजा, नरेश मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, नंदकिशोर बत्रा, संदीप सिंघल, गौरव जैन, पिंटू जैन, रामभज, पवन जैन, अमन मुखीजा, शैलेंद्र चुघ आदि मौजूद रहे।

### मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों की जन जन को देंगे जानकारी: शेखर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार का 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सेक्टर 6 निवास स्थान पर रोहतक लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत पहुंचे केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री डॉ संजीव बाल्याण , हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किसान बंधु ओमप्रकाश धनखड़, सांसद डॉ अरविंद शर्मा का भाजपा नेता शेखर यादव ने आभार जताया। शेखर यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 वर्ष के कार्यकाल में सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी नीतियां बनाकर उन्हें लाभान्वित करने का काम किया है। शेखर यादव ने कहा कि हरियाणा व देश की जनता 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है।

### जगह पार्क के नाम पर कोई सुविधाएं नहीं

**खरखौदा:** शहर में पिछले माह की 18 तारीख को सोनीपत सांसद द्वारा किए गए उद्घाटन के दौरान बुच्चेश्वर पार्क का भी उद्घाटन किया गया था। जिस पर स्थानीय विधायक जयवीर सिंह ने सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। विधायक जयवीर सिंह ने बुच्चेश्वर पार्क का दौरा करने के बाद कहा कि देखने से ही पता चल जाता है कि इस जगह पार्क के नाम पर कोई सुविधाएं नहीं है। यहां सिर्फ गंदगी का आलम है और अधूरी चारदीवारी है। जिसे पार्क का नाम देकर उद्घाटन सांसद ने किया है। जबकि यहां पर लाखों करोड़ों रुपए का खर्च बताया जा रहा है जो कि अभी जांच का विषय है और वे सरकार से इस बात की मांग करते हैं, कि मामले को लेकर जांच करते हुए इस बात को स्पष्ट किया जाए कि अगर यह पार्क अधूरा है तो इसका उद्घाटन क्यों किया गया और अगर इसका उद्घाटन हो चुका है तो यहां पर पार्क के नाम पर क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपलब्ध है रोजगार के अनेकों अवसर

**बहादुरगढ़।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार के अनेकों रूप अवसर उपलब्ध है तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में युवाओं का उज्जवल भविष्य है। यह बात कांग्रेस नेता वेद प्रधान ने बादली रोड ,बैंक कॉलोनी नजदीक भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के पास खोली गई जीडी गोयंका हेल्थ केयर एकेडमी का रिबन काटकर उद्घघाटन करते हुए कही। विधायक राजेंद्र सिंह जून के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस नेता वेद प्रधान ने एके-डमी द्वारा उद्घघाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज शुक्रवार 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। आज से खेल परिसर में तीन दिवसीय शुरूआत की गई है। जिला फरीदाबाद में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण शिविरो की श्रृंखला में आज द तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त विकम सिंह की निर्देशन में हरियाणा राज्य खेल परिसर, सेक्टर 12 में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, फरीदाबाद, डॉ मोनिषा लाम्बा की अध्यक्षता में कार्यक्रम



की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। जहां योग प्रशिक्षण शिविर में सुन्दर लाल योगाचार्य एवं विकास यादव योग स्पेशलस्ट के द्वारा मंच से योग करवाया गया। योग शिविर में लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, कोच धर्मेंदर, डॉ मोहित वासदेव, विकास दहिया, एवं आयुष विभाग का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।। बता दें कि आज 09 जून से 11जून 2023 प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक खेल परिसर, सेक्टर-12, फरीदाबाद में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है। जिसमें फरीदाबाद के सभी अधिकारी अपने अधीस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मोनीषा लांबा एवं श्री जयपाल शास्त्री, सदस्य हरियाणा की द्वारा बीती 07.06.2023 को आयुष योग सहायकों एवं जिला की योग से जुड़ी संस्थाओं के साथ अंतर्राष्टीय योग दिवस सफल आयोजन से संबध में मिशन जागृति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि, जय बाबा बफार्नी योग संस्थान आदि के सदस्यों की उपस्थिति में आज 09 जून से जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शुरू करने उपरान्त चर्चा की गई तथा आम जन को अधिक से अधिक योग को अपनाने के लिए जागरूक करने एवं योग सहायकों को निर्देशित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने किया द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में अमृत जल क्रांति के तहत राज्य की द्विवार्षिक एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (2023-25) का शुभारंभ किया। डीसी विक्रम सिंह ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ कार्यक्रम से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन सुना। डीसी ने बताया कि इस योजना का लाभ फरीदाबाद जिला को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य योजना में पानी की कमी और



जलभराव की दोहरी चुनौती से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा बनाई गई खंड स्तरीय कार्य योजनाएं शामिल हैं। डीसी ने कहा कि एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना का लक्ष्य पानी की बचत करके दो वर्षों की अवधि में पानी की मांग और आपूर्ति के अंतर को पूरा करना है। सरकार की यह योजना पर्यावरण के लिए भी अति महत्वपूर्ण है।

## फरीदाबाद में मां की तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान ईंट मारकर बेटे की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव**
राहुल कालोनी में मां की तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान हुए झगड़े में पड़ोसी ने छाती में ईंट मारकर बेटे की हत्या कर दी। मृतक का नाम अमर सिंह उम्र 45 साल थी। वे यहां राहुल कालोनी में परिवार के साथ रहते थे और चाऊमीन की रेहड़ी लगाते थे। उनकी मां भगवानदेई का कुछ दिन पहले निधन हो गया था। बुधवार को तेरहवीं का कार्यक्रम था। इससे की उनके मित्र व रिश्तेदार अमर सिंह के घर पर आए हुए थे। अमर सिंह का बड़ा दामाद प्रवीण पड़ोस में रहने वाले महेंद्र की दुकान पर काम करता था। पिछले करीब 15 दिन से प्रवीण लापता था। अमर सिंह की बेटी पूजा महेंद्र से अपने पति के बारे में पूछने गई थी। आरोप है कि महेंद्र ने उसे धमकी और गाली देकर भगा दिया। अमर सिंह ने इस बात को लेकर विरोध किया और महेंद्र से बातचीत करनी चाही। महेंद्र ने उनके साथ भी गाली-गलौज की और लात-घूसों से पिटाई भी की। इस दौरान कार्यक्रम में आए लोगों ने मामला शांत करा दिया। थोड़ी देर बाद महेंद्र अपने दोस्तों को बुलाकर ले आया।

सभी ने मिलकर अमर सिंह के मकान पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इसमें एक ईंट अमर सिंह की छाती में लगी। वह वहीं बेसुध होकर गिर पड़े।

## बुजुर्गो की सेवा करना ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** आज पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय सेक्टर 16 सागर सिनेमा से हर बार की तरह दो बसों को झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया गया, दोनो बसों को हरी झंडी दिखाने पूर्व उद्योग मंत्री के भतीजे ओर युवा भाजपा नेता अमन गोयल पहुंचे । इस मोके पर ओल्ड फरीदाबाद से कार्यकर्ता भी बसों को रवाना करने के अवसर पर पहुंचे। दोनो बसों मे जाने वाले तीर्थयात्री ओल्ड फरीदाबाद के गाँधी कॉलोनी ओर नेहरपार भारत कॉलोनी के 35 फीट रोड़ है।

## पुलिस लाईन में किया जाएगा योग दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला आयुष अधिकारी एवं 9वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी सोनीपत डॉ सतपाल ने बताया कि जिला में 21 जून को जिला स्तरीय 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पुलिस लाईन सोनीपत में किया जाएगा। डॉ सतपाल ने बताया कि नौवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतम बनाने के लिए विभाग द्वारा 09 जून से 11 जून 2023 तक जिला तथा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रशासनितक अधिकारियों, विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों, सरपंच, पंच व अन्य निर्वाचित सदस्यों, पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी एवं स्काऊट कैडेट, इच्छुक जन साधारण को प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक एवं आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों द्वारा स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य उपयुक्त स्थान पर प्रशिक्षण दिा जाएगा। वहीं 14 जून से 16 जून 2023 तक जिला स्तर पर माननीय मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी / कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्य पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ एंव इच्छुक जन साधारण को जिले की योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डीपीई, खेल विभाग के योग ट्रेर्नस, पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक एंव आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों द्वारा जिला स्तरीय सुभाष स्टेडियम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि 19 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में पायलट रिहर्सल होगी तथा जिला स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा योगा- मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर तथा विधानसभा क्षेत्र में 21 जून बुधवार को प्रातः 7 से 8 बजे तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के उपरान्त उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी एंव जिला खेलकूद अधिकारी सैमीनार एंव वर्कशाप का आयोजन करेगें। उन्होंने बताया कि 9वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुष विभाग द्वारा सोनीपत ब्लॉक में डॉ संजय शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं गोहाना ब्लॉक में डॉ सुरेश दुग्गल को, गन्नौर ब्लॉक में डॉ रजनीश वर्मा को, खरखौदा ब्लॉक में डॉ सतीश भोला को, मुरथल ब्लॉक में डॉ अन्जु सांगवान को, मुंडलाना ब्लॉक में डॉ नवीन नारा को, राई ब्लॉक में डॉ मनीष शर्मा को तथा कथूरा ब्लॉक में डॉ जितेन्द्र मलिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## बेसहारा गौ वंश को हरा चारा एवं पानी मिला करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत द्वारा संचालित बेसहारा गौ वंश को हरा चारा एवम पानी पिलाने के लिए जीव प्रेमी नागरिकों के सहयोग द्वारा आज शुभारंभ किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री संजीव बाल्यान लोकसभा सदस्य श्री रमेश चंद्र कौशिक राई हल्का विधायक एवम प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडोली विधायक गनौर निर्मल पूर्व मंत्री कविता जैन ललित बत्रा माई राम कौशिक जी कविता चौधरी योगेश पाल अरोड़ा ज़िला महामंत्री ओम प्रकाश आत्रेय राजबीर ज़िला पार्षद सुनीता लोहचब सुरजीत त्रिभुवन कौशिक सन्नी आशीष चौधरी पंडित गोवर्धन शर्मा सुदर्शन बलराज दीपक सुनील रोहिला राजेश जांगड़ा के अलावा काफी भारी संख्या में बीजेपी के पदाधिकारियों का सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत द्वारा तिलक लगाकर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक संदीप बत्रा ने बताया कि सरकार एवम समाज से अपील करते हैं कि अपने परिवार तथा समस्त नागरिकों को अपने घरों से प्रतिदिन भोजन सामग्री सब्जी एवम फल इत्यादि अथवा किसी भी कार्यक्रम के दौरान बचे हुए। खाने की वस्तुओं को कूड़ेदान वा कूड़े के ढेर में ना डालें और न ही पॉलिथीन या डिस्पोजल इत्यादि के इस्तेमाल पर रोक लगाने में सहयोग करें।

## 'युवा मूर्ति शिल्पकारों के संग सीखेंगे मूर्तिकला के हुनर'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल स्तर के 5वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर 'टाबर उत्सव- 2023 का आयोजन जिला फरीदाबाद सहित राज्य के 21 जिलों के 22 सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक विद्यार्थियों को आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलीफ एवं 3डी स्कलष्टरल आर्ट में हरियाणवी संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर ह्लटाबर उत्सवह्व का उद्देश्य हरियाणा राज्य के होनहार छात्र-छात्राओं को मूर्तिशिल्प कला में अपनी प्रतिमा निखारने व राज्य में लुप्त हो रही मूर्तिकला के विकास के उद्देश्य के साथ-साथ जिला व प्रदेश के होनहार कलाकारों को सुमार्ग देने हेतु सरकारी स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में तकनीकी दृष्टिकोण प्रयोगात्मक अभ्यास के साथ से मूर्तिशिल्प व काफट की सौंदर्यात्मक एवं विभिन्न माध्यमों में तकनीकी प्रशिक्षण भी मिलेगा। जिससे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान



छात्र-छात्राओं का रचनात्मक/कलात्मक विकास होगा तथा साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बालक-बालिकाओं को एक स्थान पर एकत्रित कर उस क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षण/हॉबी क्लास के रूप में विद्यार्थियों को मूर्तिकला का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे सभी विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मूर्तिशिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे। इस शिविर में विभाग द्वारा हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से नियुक्त किए गए कलाकारों एवं सह कलाकारों द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ सभी विद्यार्थियों को मूर्तिकला विद्या में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी (अन्य माध्यम) व सामग्री आदि से लघु मूर्तिशिल्पों को बना कर रंगो से हुनर भी सिखाए जाएंगे जिससे भविष्य ने उनको मूर्तिकला क्षेत्र में शिक्षा के साथ मूर्तिकला के क्षेत्र में प्रतियोगिता, रोजगार एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में कैरियर बनाने का भी ज्ञान मिलेगा। राज्य में कला संस्कृति तथा मूर्तिकला के उत्थान संरक्षण एवं विकास हेतु कला को निखार कर कैरियर बना पाएंगे। हरियाणा राज्य में आधुनिक मूर्तिकला के प्रसार-प्रसार हेतु यह शिविर अत्यंत सार्थक सिद्ध होगा। इस शिविर/समर कैम्प में विद्यार्थियों को प्रतिदिन रिफ्रेशमेंट भी दी जाएगी। किसी भी आयु वर्ग का कोई भी विद्यार्थी इस शिविर में एक महीने निःशुल्क भाग ले सकता है। मूर्तिशिल्प एक मात्र ऐसा विषय है जिसमें सभी विषयों का अध्ययन एक साथ हो जाता है।

## उज्ज्वल भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण आज हमारी सबसे बड़ी जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता के मार्गदर्शन में गुरुवार शाम को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ओमैक्स हाईट्स में ऊर्जा संरक्षण एवं सामान्य जीवन में पर्यावरण का महत्व विषय पर संगोष्ठि आयोजित की गई। संगोष्ठि में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंटरनेशनल सोलर एलायंस के संयुक्त निदेशक पीसी शर्मा ने कहा कि आज हमें अपने व भावी पीढियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने



कहा कि आज हमारे पास सिर्फ 40 वर्षों के लिए पेट्रोलियम व 60 वर्षों के लिए गैस बची हुई है। ऐसे में हमें भविष्य में सौर ऊर्जा सहित कई अन्य विकल्पों को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि हम अपने घरों में एसी, फ्रिज सहित काफी उपकरण ऐसे में जिन्हें हम स्टार रेटिंग और जरूरत के अनुसार प्रयोग करके ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम ऊर्जा के संसाधनों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं।

# धनबाद में कोयला खदान धंसी, 3 की मौत

## कई के फंसे होने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, कोयला निकालने के दौरान हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/धनबाद**
**झारखंड** के धनबाद में शुक्रवार को बंद पड़े कोयला खदान के धंसने से 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 10 साल का लड़का भी शामिल है। घटना भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के झरिया स्थित भौंरा माइंस में सुबह साढ़े 10 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में सैकड़ों की संख्या में लोग अवैध रूप से कोयला निकालते हैं। जब कोयला निकालने का काम चल रहा था, तो अचानक जोरदार आवाज के साथ चाल धंसा और कई लोग इसमें दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने 3 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, धनबाद के एसपी संजीव कुमार ने बताया कि अवैध खदान ढहने की सूचना मिली है। एक शव बरामद कर लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी कितने लोग अंदर दबे हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।





**आईपीएस और इंस्पेक्टर को मारे गए लोगों और घायलों की जानकारी नहीं:** आपीएस अभिषेक कुमार ने कहा, मारे गए लोगों की सही संख्या और घायलों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। वहीं, भौंरा थाने के इंस्पेक्टर बिनोद उरांव ने कहा कि बचाव कार्य जारी है। अभी घायल और मृतकों की संख्या के विषय में कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

### क्यों धंस रही है जमीन ?

**जमीन** धंसने के पीछे की बड़ी वजह है खनन वाले क्षेत्र पर खनन के बाद भी उन सारी प्रक्रियाओं का पालन नहीं करना जिसका कोल कंपनियां दावा करती हैं। कोयला निकालने का काम बंद होने के बाद उसे बालू या फ्लाई ऐश से भरा जाना चाहिए। खदान को उसी तरह खुला छोड़कर खनन कंपनियां वहां से निकल जाती हैं। इन जगहों पर फिर कब्जा होता है, अवैध खनन करने वाले गिरोह का। 18 नवंबर को धनबाद के निरसा में मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी में भी इसी तरह का हादसा हुआ। पहले खबर आयी कि वहां 25 से 30 मजदूर फंसे हैं।

**मुआवजे के लिए परिजनों का प्रदर्शन:** हादसे में मारे गये 2 लोगों की पहचान हुई है। इनमें 10 वर्षीय जितेंद्र यादव और 25 वर्षीय मदन प्रसाद शामिल हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। मृतकों के परिजन दोपहर शव लेकर भौंरा एरिया के ऑफिस पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इन दौरान भौंरा-मोहलबनी मुख्य मार्ग जाम रहा। रास्ते में दर्जनों कोयला लदे वाहन फंसे हैं। परिजनों का आरोप है कि यहां सिंडिकेट चलता है जो अवैध कोयला खनन करवाता है।

# पंजाब सीएम मान -सिद्धू की लड़ाई में नवजोत कौर की एंट्री

### तंज कसा

**आपको पता होना चाहिए कि जिस सम्माननीय कुर्सी पर आप बैठे हैं, वह आपके बड़े भाई सिद्धू ने आपको उपहार में दी है**

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** सीएम मुख्यमंत्री भगवंत मान और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के बीच में शादियों को लेकर शुरू हुए ट्वीट वॉर में अब डॉ. नवजोत कौर ने एक और ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने सीएम मान को मिली मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तंज कसा है। डॉ. नवजोत कौर के अनुसार यह कुर्सी सीएम मान को नवजोत सिंह सिद्धू के कारण मिली है। इस ट्वीट में डॉ. नवजोत ने विधानसभा चुनाव 2022 से पहले नवजोत सिंह सिद्धू की दिल्ली के सीएम और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से उनकी मुलाकातों का जिक्र भी किया है। यह वही दौर था, जब, नवजोत सिंह सिद्धू के आप में जाने की बातें होने लगी थीं।



**नेता ने चाहा था कि नवजोत पंजाब का नेतृत्व करें:** डॉ. नवजोत कौर ने ट्वीट में कहा- सीएम भगवंत मान; चलिए आज मैं आपके खजाने में छिपे हुए एक रहस्य पर से पर्दा उठाती हूं। आपको पता होना चाहिए कि जिस सम्माननीय कुर्सी पर आप बैठे हैं, वह आपके बड़े भाई नवजोत सिद्धू ने आपको उपहार में दी है। आपके अपने सबसे वरिष्ठ नेता ने चाहा था कि नवजोत पंजाब का नेतृत्व करें।
केजरीवाल ने हमारे राज्य के लिए उनके जुनून के बारे में जानते हुए विभिन्न चैनलों के माध्यम से पंजाब का नेतृत्व करने के लिए उनसे संपर्क किया। सिर्फ इसलिए कि वह अपनी पार्टी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहते थे और सोचते थे कि जब पंजाब के उत्थान की रणनीति की बात आती है तो 2 मजबूत दिमाग वाले लोग आपस में भिड़ सकते हैं, उन्होंने आपको मौका दिया।

# भोजपुरी सिंगर ने गुरुग्राम में नाबालिग से किया रेप

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा के** गुरुग्राम में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भोजपुरी सिंगर बाबुल बिहारी ने एक नाबालिग लड़की के साथ रेप किया और बाद में उसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फिलहाल पुलिस ने सिंगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्टाग्राम और यूट्यूब जेसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उसके काफी फॉलोअर्स हैं। सिंगर का असली नाम अभिषेक है और वह बिहार का रहने वाला है।

**पहले की दोस्ती, फिर ले गया होटल:** पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय बाबुल बिहारी 2 साल पहले गुरुग्राम के राजीव नगर में रहता था। उसकी 13 साल की एक नाबालिग लड़की से वहीं दोस्ती हुई। आरोप है कि आरोपी नाबालिग को एक दिन होटल में ले कर गया। होटल में उसने उसके साथ रेप किया। इस दौरान भोजपुरी सिंगर ने नाबालिग की आपत्तिजनक फोटो भी खींच ली थी।

**वायरल तस्वीरें माता-पिता के पास पहुंची:** रेप का शिकार हुई लड़की ने इस पूरी बाबत घटना के बारे में किसी को नही बताया था। अब कुछ दिन पहले आरोपी सिंगर ने लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर शेयर कर दी। तस्वीरें वायरल होती हुई लड़की के माता पिता के पास पहुंची। उन्होंने जब अपनी बेटी से पूछताछ की गई तो उसने सारी सच्चाई उगल दी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस के पास गुहार लगाई। सेक्टर 14 थाने में इस पूरे मामले की एफआईआर दर्ज कराई।



### गिरफ्तार

**बाबुल ने नाबालिग लड़की के साथ रेप किया और बाद में उसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी**

**कुछ ही घंटों में गिरफ्तार:** गुरुग्राम की सेक्टर 14 थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर पोक्सो और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में बाबुल बिहारी उर्फ अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज किया। मामला संगीन था और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे में आरोपी भोजपुरी सिंगर बाबुल बिहारी को गिरफ्तार कर लिया।

# अमृतसर में पकड़ी 37 करोड़ की हेरोइन

## देर रात बॉर्डर पर पाकिस्तानी ड्रोन ने फेंकी, बीएसएफ जवानों को सर्च के दौरान मिली

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** बॉर्डर पर पाकिस्तानी तस्करों की एक और कोशिश को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवानों ने विफल कर दिया है। ड्रोन के माध्यम से रात के समय घुसपैठ का प्रयास किया गया। लेकिन सतर्क जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को तो वापस भेजा ही, इसके माध्यम से फेंकी गई 37 करोड़ की हेरोइन को जब्त कर लिया है। बीएसएफ की तरफ से दी गई जानकारी के मध्यरात्रि को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन ने अमृतसर बॉर्डर पर घुसपैठ की है। लेकिन सतर्क जवानों ने ड्रोन की आवाज को पहचाना और फायरिंग को शुरू कर दिया। इसी बीच एक बड़ा पैकेट ड्रोन द्वारा फेंके जाने की आवाज सुनाई दी।



### घुसपैठ नाकाम

**ड्रोन के माध्यम से रात के समय घुसपैठ का प्रयास किया गया। जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को वापस भेजा**

ड्रोन वापस चला गया। जिसके बाद बीएसएफ के जवानों ने इसकी सूचना सीनियर अधिकारियों को दी। रात के समय इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अमृतसर के सरहदी गांव राय के खेतों में बीएसएफ के जवानों को एक बड़ा पीले रंग का पैकेट मिला।

**हुक व पीले रंग की टेप से किया गया था सील:** गांव राय के खेतों में मिले पैकेट को पीली टेप से कवर किया गया था। उस पर हुक भी लगी थी, जिसके माध्यम से इसे ड्रोन से फेंका गया था।

जब बीएसएफ के जवानों ने पैकेट को खोला तो उसमें 5 छोटे पैकेट मिले हैं। जिनका भार तोला गया तो कुल वजन 5.25 किलो निकला। जिसकी इंटरनेशनल वैल्यू तकरीबन 37 करोड़ के आसपास आंकी जा रही है।

# प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर हो रहा विस्तार: सांसद

**टीम एक्शन इंडिया/देवरिया**
उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले को 123 एएनएम मिलीं हैं। इन नवनियुक्त स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा, विधायक देवरिया सदर डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद एवं जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में चयनित 7,182 एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी प्रकार से प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। भाजपा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति से जन स्वास्थ्य सेवाओं में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त एवं प्रमाणिक चिकित्सा मिल रही है।

# एआईडीएमके के पूर्व राज्य सभा सांसद मैत्रीएन बीजेपी में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एआईडीएमके** के पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. वी मैत्रीएन ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में डॉ. वी मैत्रीएन ने राष्ट्रीय महा सचिव अरुण सिंह और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

डॉ. वी मैत्रीएन तमिलनाडु से तीन बार राज्य सभा सदस्य रहे हैं। 23 साल बाद उनकी घर वापसी हुई है। सदस्यता ग्रहण के मौके पर उन्होंने कहा कि वे भाजपा की विचारधारा से प्रभावित हो पार्टी से जुड़े हैं। वे पहले भी भाजपा के नेता रहे हैं।
पिछले पांच साल से वे भाजपा में घर वापसी की सोच रहे थे। उन्होंने कहा कि वे अब तमिलनाडु में पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगे।

### कमल पकड़ा

**डॉ. वी मैत्रीएन ने अरुण सिंह और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली**




# कामारपुकूर में टकराए बस-डंपर, 40 घायल

**हुगली।** हुगली जिले के कामारपुकूर में शुक्रवार सुबह बस और डंपर के आमने-सामने टकराने से हुई दुर्घटना में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस बर्दवान से मेचेदा जा रही थी और डंपर कामारपुकूर से आरामबाग जा रही थी। आरामबाग-मेदिनीपुर स्टेट हाईवे नंबर सात पर कामारपुकुर में एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रही बस में डंपर ने टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल कार के नीचे चली गई।

# दूल्हा-दुल्हन कभी नहीं बनाएंगे संबंध

**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**
**उत्तर** प्रदेश के झांसी में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां शादी के बाद दुल्हन की विदाई की तैयारी चल रही थी, तभी दुल्हन के मुंह बोले पिता ने 3 शर्तें रख दी। इनमें से एक शर्त यह थी कि दूल्हा-दुल्हन कभी शारीरिक संबंध नहीं बनाएंगे। दूल्हे ने अपने ससुर की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया। इस पर दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से मना कर दिया। मामला बरुआसागर थाना क्षेत्र के सिनौरा गांव का है। यहां के रहने वाले मानवेंद्र सेन की शादी कुछ समय पहले गुरसराय की एक युवती से तय हुई थी। शादी 6 जून को बरुआसागर के एक मैरिज हॉल में हुई। 7 जून की सुबह जब विदाई का समय आया तो अचानक दुल्हन ने ससुराल जाने से इनकार कर दिया।

### मामला थाने पहुंचा

**इन तीनों शर्तों को दूल्हें ने मानने से इनकार कर दिया। दुल्हन ने ससुराल जाने से मना कर दिया**

**दुल्हन के पिता ने रखीं ये तीन शर्तें:** लड़के पक्ष की ओर से आए लोग दुल्हन को मनाने लगे। इसी दौरान दुल्हन के मुंह बोले पिता ने तीन शर्त रखीं। पहली- दूल्हा और दुल्हन के बीच कभी शारीरिक संबंध नहीं बनेंगे। दूसरी- दुल्हन अपनी छोटी बहन को अपने साथ ससुराल लेकर जाएगी। तीसरी- दुल्हन का मुंह बोला पिता कभी भी उसके ससुराल जा सकेगा और कोई उससे सवाल नहीं पूछेगा। इन तीनों शर्तों को दूल्हें ने मानने से इनकार कर दिया। दुल्हन ने ससुराल जाने से मना कर दिया और अपने मुंह बोले पिता और बहन के साथ लौट गई।

**चक्रवाती तूफान** अगले 24 घंटे में अरब सागर से उठेगा, सभी बंदरगाहों के लिए अलर्ट जारी

# गुजरात में चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' का बढ़ा खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**गुजरात** पर समुद्री चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है। अरब सागर से उठ रहे इस चक्रवाती तूफान को 'बिपरजॉय' नाम दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटे में बिपरजॉय विकराल रूप ले सकता है। इसका असर गुजरात के साथ केरल, कर्नाटक और गोवा में भी देखने को मिल सकता है। गुजरात के पोरबंदर से फिलहाल यह 800 किमी दूर है। खतरे को देखते हुए गुजरात के सभी बंदरगाहों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। सभी बीच खाली कराए जा रहे हैं। तूफान के खतरे को देखते हुए उत्तर गुजरात के बंदरगाहों को खास एहतियात बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।



**गुजरात के तटीय इलाकों में बादल छाए:** बिपरजॉय उत्तर से उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ रहा है। इसके चलते सौराष्ट्र और कच्छ के बंदरगाहों में एक नंबर की सिग्नल का अलर्ट जारी कर दिया गया है।
सौराष्ट्र के तटीय इलाकों में बादल छाए हुए हैं और कहीं-कहीं 30 से 40 किमी की स्पीड से हवाएं भी चल रही हैं। अनुमान है कि तटीय इलाकों में हवाओं के साथ तेज बारिश हो सकती है। इसी के चलते मछुआरों को समुद्र में न जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### अलर्ट

**इस चक्रवाती तूफान को 'बिपरजॉय' नाम दिया गया है। अगले 36 घंटे में बिपरजॉय विकराल रूप ले सकता है**